दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 25 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 67 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## यूपी सरकार की सौगातः होली पर 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**होली पर चलेंगी अतिरिक्त बसें**

**28 फरवरी से नौ मार्च तक मिलेगी सुविधा**



**लखनऊ।** योगी सरकार ने होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत 28 फरवरी से नौ मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा । इसके साथ ही, उत्कृष्ट कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि दिल्ली एवं गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसलिए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी। यदि प्रारंभिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत निगम बसों को ऑनरोड रखा जाए और अनुबंधित बसों के कर्मियों को पर्व अवधि में अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी समय से मरम्मत कार्य पूर्ण कर बसें संचालन हेतु उपलब्ध कराएं।

योगी सरकार ने यात्रा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जाम या दुर्घटना की स्थिति को काबू कर संचालन सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रवर्तन दल लगातार ड्यूटी पर रहेंगे तथा चालकों और परिचालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा।






# एसआईआर इफैक्ट : पूरे जिले में 7 लाख 30 हजार से अधिक और साहिबाबाद में 2,09,802 नोटिस हुए जारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर एक तरफ जहां जिला निर्वाचन विभाग जुटा है। डोर टू डोर बीएलओ जा रहे हैं। वहीं इस अभियान को लेकर सियासी दलों की बात करें तो यहां सत्ताधारी दल भाजपा को भी पसीने आ रहे हैं। वो इस अभियान के जरिए मतदाता के रिकार्ड को पूरी तरह पुख्ता करना चाहते हैं। लेकिन हालत ये हुई कि पुख्ता करने के चक्कर में और ज्यादा डाटा बिगड़ गया। पूरा अभियान एएसडी की चपेट में आ गया। डाटा जब भी खोलो तो पता चलता है कि घाटा हो गया।आंकड़ों की बाजीगरी भी हुई लेकिन उसके बावजूद ये घाटा खत्म नहीं हो रहा है। यहां पर प्रशासन के बूथ लेवल अधिकारियों ने पूरी मेहनत की और कोई कसर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नहीं छोड़ी। वो भी बीएलओ के साथ लगे और फार्म वितरित करने से लेकर एकत्र करने तक साथ रहे। संगठन स्तर पर पूरी मेहनत हुई है और कोई कमी जनप्रतिनिधियों की तरफ से भी नहीं हुई। यहां सबसे बड़ी बात ये हुई कि मतदाताओं ने उदासीन रवैया अपनाया। कोई फार्म ले गया तो वो उसे भरने के बाद लौटकर नहीं आया। अब नई अड़चन नोटिस की है। बूथ स्तर के अधिकारी चाहते हैं कि नोटिस के जरिए मतदाताओं को अलर्ट किया जाये और उन्हें बता दिया जाये कि इस दस्तावेज की कमी है और आप इस दस्तावेज को जमा करा दें। लेकिन इसके बाद भी डाटा का घाटा कम नहीं हो रहा। सबसे बड़ी बात ये है कि जिस विधानसभा को लेकर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में तीन बार जिक्र किया। अब उस विधानसभा का एसआईआर डाटा का मामला भी नोटिस में नंबर वन आया है। यहां सबसे ज्यादा नोटिस जारी हुए हैं और बताया जाता है कि साहिबाबाद में 209802 नोटिस जनरेट किये गये हैं। ये गाजियाबाद की किसी भी विधानसभा में जारी हुए सबसे ज्यादा नोटिस हैं। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नोटिस जारी हो रहे है और साहिबाबाद विधानसभा जिले की ऐसी विधानसभा बनी है जहां सबसे ज्यादा नोटिस जारी हुए हैं।

पूरे जिले में तीन लाख से अधिक नोटिस बट चुके हैं और 7,30,422 नोटिस जनरेट किये गये हैं। इनमें से 3,02,909 नोटिस वितरित हो चुके हैं। यहां पर सबसे ज्यादा नोटिस साहिबाबाद विधानसभा में जनरेट किये गये।




### सबसे कम नोटिस मोदीनगर में और फिर है लोनी का नंबर

करंट क्राइम।एसआईआर अभियान के नोटिस की बात करें तो यहां सबसे कम नोटिस मोदीनगर में जनरेट हुए हैं। मोदीनगर में 78,711 नोटिस जनरेट हुए हैं। इसके बाद सबसे कम नोटिस जनरेट होने वाली विधानसभा लोनी है। यहां 1,42,980 नोटिस जनरेट हुए हैं। कम नोटिस की बात करें तो गाजियाबाद सदर विधानसभा है यहां 1,47,746 नोटिस जनरेट हुए हैं। मुरादनगर विधानसभा में 1,51,183 नोटिस जनरेट हुए हैं। इस तरह से पांचों विधानसभा में 7,30,422 नोटिस जनरेट किये हैं इनमें 3,02,909 नोटिस वितरित हो चुके हैं जबकि 4,27,543 नोटिसों की डिलीवरी अभी लंबित है।

### 3,65,482 मामलों में दर्ज है सुनवाई कुछ को माना है अयोग्य

करंट क्राइम। एसआईआर अभियान लगातार चल रहा है बाकायदा बीएलओ के नोटिस मतदाताओं के पास आ रहे हैं। वो उन्हें बता रहे हैं कि आपके आवेदन में इन कागजों की कमी है। आप इसे पूरा करें और हमें सूचित करें। निर्वाचन विभाग का प्रयास है कि मतदाता को पूरी जानकारी मिले और वो समय से अपने दस्तावेज दे दें ताकि वो वोटर लिस्ट पर बने रहें। रिपोर्ट बता रही है कि अब तक 3,65,482 मामलों में सुनवाई दर्ज की गई है। इनमें से 61,500 प्रकरणों का सत्यापन किया जा चुका है। जबकि 32,206 मामले लंबित है। कुछ प्रकरण ऐसे हैं जो अंतिम प्रकाशन से पूर्व अयोग्य श्रेणी में रखे गये हैं।

### बता रहे लंबित प्रकरण निस्तारण तेजी से जारी

करंट क्राइम। एसआईआर अभियान को लेकर निर्वाचन विभाग से जुड़े अधिकारी भी गंभीर हैं। मतदाताओं के पास लगातार सूचना भेजी जा रही है। उन्हें नोटिस के जरिए ये बताया जा रहा है कि फार्म में ये कमी है और आप इसे दूर कर लें। कुल मिलाकर कोशिश ये है कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक मदाताओं का नाम दर्ज हो। सबसे खास बात ये है कि बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए मतदाताओं को गाईड भी कर रहे हैं। वो बता रहे हैं कि कौन कौन से दस्तावेज आपको लाने हैं और अगर एक दस्तावेज ना हो तो दूसरे वैकल्पिक दस्तावेज की जानकारी दे रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार लंबित प्रकरणों का निस्तारण तेज गति से किया जा रहा है ताकि अंतिम प्रकाशन से पहले सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण हो सके।

# नितिन गडकरी ने विजयनगर नेशनल हाईवे फ्लाईओवर को दी सैद्धांतिक मंजूरी

## विधायक संजीव शर्मा और सांसद अतुल गर्ग के प्रयास रंग लाए

### लाइन पार की जनता को बड़ी राहत









नितिन गडकरी
NITIN GADKARI

मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
Minister
Road Transport and Highways
Government of India

12 फरवरी, 2026
वी.आई.पी. पत्र सं.-UP016821

श्री संजीव शर्मा जी,

कृपया अपने पत्र दिनांक 04.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें विजय नगर क्षेत्र बाईपास में पैदल उपरिगामी सेतु का निर्माण किए जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में आपको यह अवगत कराना चाहूँगा कि उपरगामी सेतु का प्रस्ताव भा.रा.रा.प्रा. द्वारा सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत किया जा चुका है।

सादर,

आपका,
(नितिन गडकरी)

श्री संजीव शर्मा,
मा. विधायक,
R-145, वकील कालोनी,
प्रताप विहार, गाजियाबाद,
उ.प्र.

Room No. 501, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi – 110 001, Tel.: 011-23710121, 23711252 (O), 23719023 (F), E-mail: nitin.gadkari@nic.in; website-www.morth.nic.in

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लंबे समय से विजयनगर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग कर रहे स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस संबंध में सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह प्रस्ताव स्थानीय विधायक संजीव शर्मा तथा गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के संयुक्त प्रयासों से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा गया था। दोनों जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और लाइन पार की बड़ी आबादी को हो रही दिक्कतों का मुद्दा लगातार उठाया।

केंद्रीय मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विजयनगर क्षेत्र में उपरगामी सेतु (फ्लाईओवर) के निर्माण के प्रस्ताव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत कर लिया गया है। फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसके निर्माण से जाम की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। विधायक संजीव शर्मा और सांसद अतुल गर्ग ने इसे क्षेत्र की जनता की जीत बताते हुए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है तथा सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी है। अब आगे की प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया यशोदा मेडिसिटी में ई-आईसीयू कमांड सेंटर का शुभारंभ

## नड्डा ने कहा, मोदी सरकार की स्वास्थ्य नीतियों का पूरा पालन कर रही है यशोदा मेडिसिटी

### कमांड सेंटर को एमएमजी अस्पताल से जोड़ा गया

### मरीज की बीमारियों पर यशोदा के डॉक्टर करेंगे विश्लेषण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सक्षम आईसीयू कमांड सेंटर का शुभारंभ किया। इस कमांड सेंटर के जरिए यशोदा मेडिसिटी शहर एवं गांव के दूसरे छोटे छोटे अस्पतालों में आने वाले मरीजों के रोगों का विश्लेषण कर इलाज में सहयोग करेगी। इसकी शुरूआत गाजियाबाद के जिला एमएमजी अस्पताल के साथ की गई है।

इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अस्पताल के चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा को बधाई देते हुए कहा कि हेल्थ केयर के क्षेत्र में मोदी सरकार तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष जोर दे रही है। यशोदा मेडिसिटी उसका पूरी तरह अनुसरण कर रही है। स्वास्थ्य के सेक्टर में नई तकनीक का उपयोग हो रहा है जिससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी की आई सक्षम ई-आईसीयू जैसी पहल यह दिखाती है कि तकनीक के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को किस तरह मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी ने सभी स्वास्थ्य सेवाओं को सिंक्रोनाइज कर एक छत के नीचे इलाज की व्यवस्था की है। मेडिसिटी की यह व्यवस्था मैरिज केंद्रित है। एआई सक्षम ई-आईसीयू कमांड सेंटर के स्थापित होने से दूर दराज और सरकारी अस्पतालों में आने वाले ऐसे मरीज, जो बड़े अस्पतालों के खर्च को वहन नहीं कर सकते हैं, उनके रोगों के बारे में सुझाव दिया जा सकता है। साथ ही फैसला लेने में मदद करेगा।

जेपी नड्डा ने कहा कि नई तकनीक ने स्वास्थ्य सेक्टर को मजबूती प्रदान की है। मोदी सरकार ने हेल्थ केयर को डिजिटल इंडिया योजना से जोड़ने का काम किया है जिससे आयुष्मान भारत और पूरी तरह डिजिटाइजेशन हो गया है। उन्होंने कहा कि आई- संजीवनी से 44 करोड लोग जुड़ गए हैं। मोदी सरकार ने टीकाकरण अभियान में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 99% टीकाकरण का काम पूरा कर लिया गया है। पिछले दिनों आयोजित एआई समिट में स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर दो अहम फैसले लिए गए जिसमें एआई आधारित स्वास्थ्य केयर इंडिया ऐप लॉन्च किया गया। जिसमें सभी तरह की योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई है। साथ ही आई टूल्स का भी शुभारंभ किया गया है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने यशोदा मेडिसिटी में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। यशोदा मेडिसिटी पहुंचने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दूसरे मेहमानों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा और मैनेजिंग डायरेक्टर उपासना अरोड़ा ने गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग भी मौजूद थे। मंच पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल और चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा उपस्थित मौजूद थे।




**अस्पताल के चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा ने बताया कि इस पहल के तहत यशोदा मेडिसिटी के बेस कमांड को एमएमजी अस्पताल के आईसीयू से जोड़ा गया है यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से मरीजों से जुड़े डाटा का रियल टाइम विश्लेषण किया जाएगा। डॉक्टर को इससे तत्काल और सही निर्णय लेने में मदद मिलती है और संसाधनों का सही उपयोग होता है। इलाज की लागत कम करने में सहायता मिलती है।**

### एआई सक्षम कमांड सेंटर से मरीज के डाटा का रियल टाइम विश्लेषण होगाः डॉ पीएन अरोड़ा




करंट क्राइम। अस्पताल के चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा ने बताया कि इस पहल के तहत यशोदा मेडिसिटी के बेस कमांड को एमएमजी अस्पताल के आईसीयू से जोड़ा गया है यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से मरीजों से जुड़े डाटा का रियल टाइम विश्लेषण किया जाएगा। यदि मरीज की स्थिति बिगड़ने की संभावना होती है तो सिस्टम पहले से ही चेतावनी दे देता है। इससे दूर बैठकर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निगरानी बेहतर समन्वय और तय चिकित्सा प्रक्रिया के अनुसार इलाज संभव हो जाता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सूचना प्रणालियों और बेडसाइड मॉनिटरिंग उपकरण से जोड़कर ए आई सक्षम आईसीयू प्लेटफार्म मरीजों के एक बड़े डाटा को एक ही डैशबोर्ड पर दिखाता है। जिससे मौजूद विशेष एआई इंजन मरीजों के जोखिम का आकलन करता है और जरूरत पड़ने पर तुरंत अलर्ट भेजता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को इससे तत्काल और सही निर्णय लेने में मदद मिलती है और संसाधनों का सही उपयोग होता है। इलाज की लागत कम करने में सहायता मिलती है।

### कमांड सेंटर से वैश्विक मानकों के अनुरूप इलाज सुनिश्चित होता हैः डॉ उपासना अरोड़ा





करंट क्राइम। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि विशेषज्ञ क्रिटिकल केयर टीम इस कमांड सेंटर से 24 घंटे निगरानी करती है। जरूरत के अनुसार समय समय पर मार्गदर्शन करती है, जिससे वैश्विक मानकों के अनुरूप इलाज सुनिश्चित होता है। यह पहल न केवल गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज के परिणाम में सुधार लाने में सहायक होगा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली आईसीयू सेवाओं को भी अधिक सुलभ और किफायती बनाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मरीजों की निगरानी के साथ-साथ यह प्रणाली जमीनी स्तर पर काम कर रही मेडिकल टीमों के लिए प्रशिक्षण का माध्यम है। तय चिकित्सा प्रक्रियाओं और एआई से मिलने वाली जानकारी के जरिए विभिन्न आईसीयू में इलाज की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित होती है। एआई सक्षम आईसीयू कमांड सेंटर यशोदा मेडिसिटी की उसे दीर्घकालिक सीएसआर सोच का हिस्सा है जिसके तहत एक जुड़े हुए क्रिटिकल केयर नेटवर्क का निर्माण किया जा रहा है। डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि एआई सक्षम आईसीयू कमांड सेंटर का विचार स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का ही है। इसके तहत अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य है। इसकी नीव जेपी नड्डा ने ही रखी थी। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, सांसद अतुल गर्ग, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक अश्विनी त्यागी, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा समेत बड़ी संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ एवं जाने माने लोग उपस्थित थे।



## राहुल गांधी यूथ कांग्रेस प्रमुख की गिरफ्तारी पर भड़के, कहा-
# दिल्ली पुलिस की कार्रवाई सरकारी तानाशाही

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि इंडियन यूथ कांग्रेस (कउ) के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का सबूत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा, 'मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है। अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा।'

यह मामला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान




इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं के 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' से जुड़ा है। दिल्ली पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस (युवा कांग्रेस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं ने भी यूथ कांग्रेस कार्यकताओं की गिरफ्तारी का विरोध किया है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमेरिका के साथ डील के दौरान भारत के हितों से समझौता किया गया है। इस सच्चाई को देश के सामने रखने के लिए युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और इंडियन यूथ कांग्रेस के अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी और मैं अपने बब्बर शेर साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है। डरो मत-सच और संविधान हमारे साथ हैं।

समाचार एजेंसी आईएएनएस ने इस मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों और आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के पीछे किस तरह की संगठित योजना थी। फिलहाल मामले की जांच जारी है। इससे पहले सोमवार को आरोपियों जितेंद्र यादव, राजा गुर्जर व अजय कुमार सहित अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

बता दें कि एआई समिट में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर हंगामे के बाद पुलिस ने सार्वजनिक शांति भंग करने समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था।

## अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर हमला: बोले- विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रही कांग्रेस, देश से माफी मांगें

**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी देश-विरोधी और विदेशी ताकतों के कहने पर काम कर रहे हैं। ठाकुर का यह बयान हाल ही में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए हंगामे के बाद आया है।

**क्या है मामला ? :** मामले में कुछ दिन पहले नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट हो रहा था, जिसमें देश विदेश की कई बड़ी हस्तियों और नेताओं ने हिस्सा लिया था। वहां यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने घुसकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बेरोजगारी, महंगाई और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए थे।



**क्या बोले भाजपा नेता ? :** इस प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश की छवि खराब कर रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, राहुल गांधी देश-विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। वे भारत-विरोधी एजेंडा चलाते हैं और नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा देते हैं। उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, डर फैलाना, भारत को बदनाम करना और पीएम मोदी को गाली देना है।

ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत की आर्थिक उपलब्धियों को कम करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा, जब भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है, तो वे इसे मरी हुई बताते हैं। एआई समिट की दुनिया भर में तारीफ हो रही है, लेकिन वहां बेशर्मी से प्रदर्शन किया गया और अभद्र व्यवहार दिखाया गया।

**भाजपा नेता ने उठाया गंभीर सवाल :** भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से प्रभावित हो रही है। उन्होंने पूछा, क्या कांग्रेस अब अंकल सैम और जॉर्ज सोरोस के इशारे पर चल रही है? क्या वे भारत के दुश्मन देशों का समर्थन कर रहे हैं? उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस डोनेशन लेती है और फिर चीन की तारीफ करती है। ठाकुर ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या राहुल लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं या भारत के ही विपक्ष के नेता हैं?

अनुराग ठाकुर ने चार फरवरी को लोकसभा में हुई घटना की भी याद दिलाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर सदन की कार्यवाही रोकी थी। उन्होंने पूछा, महिला सांसदों को संसद में भेजना और प्रधानमंत्री की सीट को घेरना; राहुल गांधी यह किस तरह की राजनीति करते हैं?

# मिलावटी कफ सिरप पर सख्ती 850 कंपनियों को दिए नोटिस

### दस महीने में की गई 1250 कंपनियों की जांच

**मुंबई।** देश में कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 फीसदी घरेलू कंपनियों के खिलाफ जांच की है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने दस महीनों तक चली जांच पूरी कर ली है। इस दौरान करीब 850 कंपनियों को सुधारात्मक एवं निवारक कार्रवाई (सीएपीए) के नोटिस जारी किए गए हैं। हालांकि, अब तक किसी से संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।




ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वालिटी समिट के 11वें संस्करण में औषधि महानियंत्रक भारत (डीसीजीआई) राजीव सिंह रघुवंशी ने बताया, देश में करीब 1,300 कफ सिरप निमार्ता हैं, जिनमें से अब तक 1,250 इकाइयों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जा चुका है। जहां गंभीर अनियमितताएं मिलीं, वहां कड़ी कार्रवाई की गई है। रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कुछ महीनों में इस क्षेत्र में गड़बड़ियों पर नियंत्रण कर लिया जाएगा। बता दें कि अक्तूबर में तमिलनाडु की कंपनी के दूषित कफ सिरप से 24 बच्चों की जान चली गई थी।

# केरल में महिला को मैसेज के जरिए दिया तीन तलाक

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केरल पुलिस ने तीन तलाक और पत्नी के साथ क्रूरता करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने मुवत्तुपुझा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 85 के तहत केस दर्ज किया गया है। उस पर मुस्लिम महिलाओं के लिए बने (शादी के अधिकारों का संरक्षण) एक्ट, 2019 के सेक्शन 3 और 4 के तहत भी दर्ज किया गया था। जो तीन तलाक को गैरकानूनी और अमान्य बनता है। आरोपी की पहचान 32 वर्ष के सुहैल के रूप में हुई है, जो अलप्पुझा ज़िले के कार्तिकप्पल्ली तालुक का रहने वाला है। पुलिस ने कहा कि इस दंपत्ति ने 18




सितंबर, 2016 को मुस्लिम धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी और पति-पत्नी के रूप में साथ रहते थे। शिकायत के मुताबिक, शादी के बाद सुहैल ने कथित तौर पर दहेज की मांग की और परेशान करना शुरू किया। इन सब से परेशान होकर महिला को मुवत्तुपुझा इलाके में अलग रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने बताया कि 21 मई, 2025 को रात करीब 9 बजे, आरोपी ने कथित तौर पर महिला के साथ फोन पर गाली गलौज की और महिला और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी।

# इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे परियोजनाओं के लिए 12,236 करोड़ रुपये मंजूर

### केरल का नाम बदलकर होगा केरलम



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी।

बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है, जिसमें गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए सबसे अधिक 5,236 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ रुपये तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ रुपये की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ रुपये) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।

# बरसाना में रंगोत्सव 2026 का आगाज

## मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया दीप प्रज्जवलन

**मथुरा।** बरसाना में विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली और लठामार होली से पहले बरसाना में रंगोत्सव 2026 का औपचारिक शुभारंभ हो गया। श्रीराधा बिहारी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन कर होली महोत्सव की तैयारियों का विधिवत आगाज किया गया। कार्यक्रम के जरिए प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि इस बार रंगोत्सव को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।





कार्यक्रम का शुभारंभ गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने कहा कि बरसाना की होली ब्रज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जिसे देखने के लिए देश विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं।

श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज का मैदान रंगोत्सव की तैयारियों का केंद्र बना नजर आया, जहां दीप प्रज्जवलन के साथ ही होली आयोजन की औपचारिक शुरूआत का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने की बात कही।

कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार तथा ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राधारानी के आंगन में रंग-गुलाल के साथ बरसेंगे लड्डू



**मथुरा।** राधारानी का गांव बरसाना में होली के रंगों में सराबोर होकर झूम रहा है। यहां होने वाली विश्व प्रसिद्ध लठामार होली में आज लड्डूओं की मिठास घुलेगी। बरसाना के श्रीजी महल से नंदगांव के नंदभवन में होली का निमंत्रण सखियों के हाथ पहुंचेगा। होली का निमंत्रण स्वीकारते ही बरसाना में लड्डू बरसेंगे। अनूठी लड्डू होली देखने मंदिर में हजारों श्रद्धालु उमड़ेंगे। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अनूठी परंपरा के साक्षी बनेंगे।

लड्डू होली की अनूठी परंपरा से द्वापर युग से जुड़ी है। मान्यता है कि द्वापर में बरसाना से होली खेलने का आमंत्रण लेकर सखी नंदगांव गई थीं। इस निमंत्रण को नंदबाबा ने स्वीकार किया और इसकी खबर पंडा से बरसाना में बृषभान जी के यहां भिजवाई।

इस पर राधारानी के पिता बृषभान ने नंदगांव से आए पंडा को खाने के लिए लड्डू दिए। लड्डू होली की अनूठी परंपरा से द्वापर युग से जुड़ी है। मान्यता है कि द्वापर में बरसाना से होली खेलने का आमंत्रण लेकर सखी नंदगांव गई थीं।



## सोने-चांदी की पिचकारी और टेसू के रंग, द्वारिकाधीश ने खेली होली

**मथुरा।** मथुरा में होलिका अष्टक प्रारंभ होते ही मंगलवार को राजाधिराज श्री द्वारिकाधीश महाराज ने स्वर्ण और रजत पिचकारियों से भक्तों के साथ होली खेली। मंदिर परिसर में बने यमुना घाट पर विराजमान होकर ठाकुरजी ने शुद्ध टेसू के फूलों के साथ रजत और स्वर्ण पिचकारी से भक्तों को सराबोर कर दिया।

दूर दराज से पहुंचे भक्त द्वारिकाधीश की एक झलक पाने के साथ होली खेलने को ललायित दिखाई दिए। सुबह की आरती के बाद जब मंदिर की चौखट से सेवायतों ने स्वर्ण पिचकारी से रंगों की बौछार करनी शुरू की तो भक्त ठाकुरजी के रंगों से खुद को सराबोर होने से रोक ना सके। हर कोई चाहता था की ठाकुर जी की स्वर्ण रजत पिचकारी से उनके ऊपर रंग डाला जाए।

टेसू के फूलों के बाद जब ठाकुरजी का गुलाल उड़ना शुरू हुआ तो पूरा मंदिर परिसर ठाकुरजी की भक्ति में रंगमय हो गया। श्रीराधे, जय गोपाल के उद्घोषों के साथ महिलाएं नृत्य करती हुई नजर आई।

## ममता पर भारी मजहब की दीवार: 25 साल बाद परिवार से मिली महिला, धर्म के चलते बेटे ने साथ रखने से किया इनकार

**कोलकाता।** 25 साल बाद अपने परिवार से मिली महिला को उसके परिवार ने सिर्फ इसलिए अपनाने से इनकार कर दिया क्योंकि महिला ने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया था। महिला के बेटे ने शर्त रखी कि अगर उसकी मां ईसाई धर्म छोड़कर, हिंदू धर्म अपना ले तो वे उसे अपना सकते हैं।

**क्या है मामला :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झारखंड के गोड्डा जिले की रहने वाली एक महिला 25 साल पहले लापता हो गई थी। करीब 70 वर्षीय महिला अपने पति की मौत के बाद घर से निकल गई और भटककर



कोलकाता पहुंच गई, जहां एक शेल्टर होम में उसे आश्रय मिला। महिला बीते 25 वर्षों से कोलकाता के शेल्टर होम में रह रही थी। इस दौरान महिला को मिशनरी के लोग मिले और उन लोगों ने महिला की मदद की, जिसके बाद महिला ने ईसाई धर्म अपना लिया था।

शेल्टर होम में महिला अपने परिजनों को याद करती थी तो शेल्टर होम के कर्मचारियों ने महिला के परिवार को खोजने की कोशिश की।

किसी तरह से महिला के परिवार को खोज लिया गया और उनकी वीडियो कॉल पर गोड्डा के गांव दहुपनगर में रहने वाले उनके बेटे से बात कराई गई। हालांकि जब बेटे को पता चला कि उसकी मां ने ईसाई धर्म अपना लिया है तो बेटे ने मां को अपनाने से इनकार कर दिया।

बेटे का कहना है कि अगर उसकी मां ईसाई धर्म त्यागकर हिंदू धर्म अपना लेती है तो वह उन्हें अपनाने के लिए तैयार है।

### मुश्किल में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद!

## पहले थे गिरफ्तारी के लिए तैयार अब जमानत के लिए पहुंचे हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। उन पर नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों का आरोप है। यह एफआईआर प्रयागराज के झूंसी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है।

एफआईआर में स्वामी सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को नामजद किया गया है। उन पर पिछले एक साल में दो व्यक्तियों, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, के यौन शोषण का आरोप है। शिकायतकताओं में आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने गुरुकुल और माघ मेला जैसी धार्मिक सभाओं में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

यह कार्रवाई शनिवार को प्रयागराज के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) के आदेश के बाद हुई। एफआईआर पॉक्सो अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई है। शिकायत में दो से तीन अज्ञात व्यक्तियों के नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी धार्मिक गुरु बनकर नाबालिग और एक अन्य युवक का बार-बार यौन उत्पीड़न करते थे।

**स्वामी सरस्वती के आरोप :** स्वामी सरस्वती ने हाल ही में माघ मेला आयोजकों पर मौनी अमावस्या पर स्नान से रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने वाराणसी में पत्रकारों से कहा कि उनके खिलाफ एक साजिश रची जा रही है। उन्होंने एक तस्वीर दिखाकर दावा किया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी इस साजिश में शामिल है।

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का राहुल पर हमला, बोले

## दंगे करवाना चाहते हैं मोहब्बत की दुकान वाले

लखनऊ। यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाले देश में दंगे करवाना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को नीचा दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टारगेट करना अब एक फैशन बन गया है। दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनिया भर से प्रतिनिधि आए थे। कांग्रेस के लोगों का नग्न होकर प्रदर्शन करना देश को शर्मसार करने वाला है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एआई को देश के कोने-कोने में फैलाना चाहते हैं। यही उनका विजन है जबकि कांग्रेस और राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर हर दिन आरोप लगाते रहते हैं।

राहुल गांधी का मकसद झूठ बोलकर देश को नीचा दिखाना है। वो विदेशी प्रोपोगैंडा फैला रहे हैं। उनको



समझना चाहिए कि सूरज पर थूकने से अपना ही चेहरा गंदा होता है। उनका एजेंडा देश की छवि को धूमिल करना है। वो विदेशी मंचों से भारत को अपमानित करते हैं। ये चीन से राजीव गांधी फाउंडेशन में फंड लेते हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत आर्थिक जगत में सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है।

**कार्यालय टास्क फोर्स सेनानायक, 47वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद।**

**विज्ञप्ति**

टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद मे मानक मद-29 अनुरक्षण के अन्तर्गत 29 कार्यों के लिये दिनांक 28-02-2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक टेण्डर आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक भ-01/2026
दिनांक फरवरी, 22,2026

सेनानायक
49/47वीं वाहिनी पीएसी
गौतमबुद्धनगर/गाजियाबाद।

25 Feb -26 page 3 24-02-26 10:09 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गाजियाबाद के 13 प्रमुख चौराहों से जल्द खत्म होगा जाम : नैय्यर

# ऑपरेशन प्रहार को लेकर स्कूल-कॉलेज में लगाई जाएगी जागरूकता क्लास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात राज करन नैय्यर ने बीते दिनों चार्ज लिया था। चार्ज लेने के बाद उन्होंने कई इलाकों का निरीक्षण किया और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के साथ ही थाना पुलिस और प्रमुख इलाकों का विश्लेषण किया है। मंगलवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक राज करन नैय्यर ने कहा है कि वह इससे पहले अयोध्या और गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों के कप्तान रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में उनका पहला अनुभव है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में ट्रैफिक रिव्यू के बाद अब वह गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए काम करेंगे। आईपीएस राज करन नैय्यर ने कहा कि अगर किसी चौराहे पर एक साथ वाहनों की कतार दिखती है, तो ऐसा नहीं है कि वह जाम वाली स्थिति बन गई बल्कि उन्होंने कहा कि हम इसका



रिव्यु करेंगे कि एक समय में कितने वाहन आ रहे हैं। इसके लिए गूगल टैग तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

### शहर के प्रमुख 13 स्थान होंगे जाम फ्री

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की आबादी मेट्रोपॉलिटन सिटी के बराबर है। यहां यातायात का दबाव है और प्रमुख स्थानों पर जाम की खत्में के लिए प्लान बनाया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 13 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर लेफ्ट फ्री, यू टर्न और वाहनों को हटाने के साथ ही टेंपो स्टैंड और ई-रिक्शा मार्ग निर्धारित करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने का प्लान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले तीन से छह महीना के भीतर इस पर असर भी देखने को मिलेगा। इसके लिए लगातार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी बढ़ाई जा रही है। तो यातायात पुलिस में संख्या बल पर भी इजाफा किया जा रहा है।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर होगी कैमरे से निगरानी



### ऑपरेशन प्रहार को बनाया जाएगा प्रभावी

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर जिस तरीके से ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है, इसको प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने से सभी स्कूल-कॉलेजों में छात्रों एवं विद्यार्थियों के साथ ऑपरेशन प्रहार को सशक्त बनाने के लिए क्लास चलाई जाएगी। किस तरीके से युवा पीढ़ी को नशे से दूर किया जाए, नशे का कारोबार करने वालों पर लगाम लगाने के लिए बाकायदा हेल्पलाइन नंबर भी जारी की जाएगा, जो आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।

### शिकायत करने वालों के नाम रहेंगे गुप्त और टीम रखेगी नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक राज करन नैय्यर ने कहा है कि वह जल्द ही अपना नंबर साझा कर देंगे साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी बनाया जाएगा, जिसकी मॉनिटरिंग उनके ऑफिस से ही की जाएगी। किसी भी क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वाले या एक इलाके से दूसरे इलाके में मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के लिए भी एक्शन प्लान बनाया गया है। जिसको प्रभावी रूप से बनाया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा है कि जिन पुलिस कर्मियों पर शिकायत एवं आरोप लगेंगे उनकी गोपनीय स्तर पर जांच होने के बाद एक्शन दिया जाएगा। राज करन नैय्यर ने कहा कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश में ऑपरेशन प्रहार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद चला रही है जो सफल किया जाएगा।

### मीडिया और जनता से की नियमों के प्रति जागरूकता की अपील

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था और ट्रैफिक की जिम्मेदारी संभालने वाले आईपीएस अधिकारी राज करन नैय्यर ने कहा है कि गाजियाबाद में वाहनों का दबाव अधिक है। ऐसे में ट्रैफिक पर सोशल मीडिया सेल, जाम लगने मार्गों पर रूट डायवर्जन जैसे महत्वपूर्ण सूचना लोगों के मोबाइल तक पहुंचाने का काम शुरू कर चुका है। इसके लिए व्हाट्सएप चैनल और अन्य तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। तो वहीं उन्होंने मीडिया से भी अपील की है कि जो प्रमुख स्थान जहां जाम लगता है ,परेशानी होती हैं और समस्याएं आती हैं। उसको लेकर उनको जानकारी दी जाए ताकि एक विस्तृत रोड मैप तैयार कर कर इस पर कार्रवाई की जा सके। इस दौरान सोशल मीडिया प्रभारी और एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल भी उनके साथ मौजूद रहीं।

# शहर की सबसे पुरानी रामलीला में आज से शुरू होगी महाभारत की तैयारी

### आज कार्यकारिणी बैठक में हो जायेगी चुनाव की घोषणा विधिवत जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला का ये रिकार्ड रहा है कि यहां अगर विवाद ही ना हो तो फिर पूरी कमेटी को स्वाद ही नहीं आता है। पिछले कुछ दिनों से यहां हिसाब को लेकर व्हाट्सऐप रण चल रहा है। दिन भर शांति रहती है और शाम होते ही एक पूर्व पदाधिकारी हिसाब मांगने लगते हैं। एक्सपायर्ड कमेटी के टेम्प्ररी महामंत्री के साथ ये भी एक संयोग है कि वो बेईमान भी उस कमेटी को बता रहे हैं जिसमें वो चार साल खुद कार्यवाहक महामंत्री रहे हैं। एक साल का हिसाब वो उन चेहरों से मांग रहे हैं जिस पैनल से वो चुनाव लड़े थे और हार गये थे। खैर चुनाव जीतना हारना अलग बात है और हिसाब मांगना अलग बात है।



इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। वैसे कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू कह चुके हैं कि व्हाट्सऐप पर हिसाब कैसे दे दें, वो चाहें तो कमेटी के दफ्तर आयें और पूरा हिसाब ले लें। सुधीर गोयल मोनू ने तो ये भी कहा था कि अगर पूर्व कार्यवाहक महामंत्री चाहते हैं कि हिसाब लेना है तो वो अपने साथ चार सीए भी ले आयें। हम उन्हें चाय पिलायेंगे, नाश्ता करायेंगे और एक एक रूपये का हिसाब भी दिखायेंगे। बहरहाल आज सुल्लामल रामलीला कमेटी की रामलीला की बैठक है। ये बैठक आज यानी बुधवार को शाम पांच बजे से रामलीला मैदान के कार्यालय पर आयोजित होगी। इसमें कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहेंगे। बताया जाता है कि ये एकतरह का मिनी ट्रायल है। आज होने वाली कार्यकारिणी बैठक में हिसाब किताब रखा जायेगा और इसी के साथ चुनाव की घोषणा भी हो जायेगी। इसके बाद आम सभा बुलायी जायेगी और फिर चुनावी तिथि का ऐलान होगा। सूत्र बताते हैं कि कौन से पैनल से कौन आयेगा इसका फैसला भी आज होने वाली कार्यकारिणी बैठक में हो जायेगा।

### सीपी के ऑपरेशन प्रहार का असर

# 55 दिन में 83 अपराधी सलाखों के पीछे करोड़ों का नशा और अवैध हथियार बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जनवरी की शुरूआत के साथ ही शुरू हुआ ऑपरेशन प्रहार अब जमीनी स्तर पर बड़ा असर दिखा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने नशा तस्करों और अवैध हथियार सप्लायर्स की कमर तोड़ने का काम किया है। जिसमें बीते 55 दिन में ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई, 1 जनवरी 2026 से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक 83 शातिर अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं। तो 2 किलो अफीम,172 किलो गांजा, भारी मात्रा में नशीली गोलियां, 25 अवैध पिस्टल, 88 जिंदा कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।



### अपराधियों पर सख्त शिकंजा

करंट क्राइम : इस अभियान के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 31 मुकदमे दर्ज कर 59 आरोपियों को गिरफ्तार किया,वहीं आर्म्स एक्ट में 20 मुकदमे दर्ज कर 24 अपराधियों को दबोचा। एडिशनल सीपी (कानून-व्यवस्था एवं ट्रैफिक) राज करन नैय्यर ने बताया है कि पुलिस की टीमें लगातार इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर छापेमारी कर रही हैं। चिन्हित तस्करों और उनके नेटवर्क को ट्रैक कर व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई की जा रही है, ताकि सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ा जा सके।

### त्योहारों से पहले और सख्ती

करंट क्राइम : होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने संकेत दिए हैं कि शराब माफिया, ड्रग्स सप्लायर और अवैध हथियार कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान और तेज किया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष ने अतुल गर्ग को भारत-थाईलैंड संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया

### 18वीं लोकसभा अवधि के लिए गठन, अंतरराष्ट्रीय संसदीय संबंधों को मिलेगा बल





नई दिल्ली, करंट क्राइम। लोकसभा सचिवालय (कॉन्फ्रेंस एंड प्रोटोकॉल शाखा) द्वारा जारी पत्र के अनुसार गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को भारत-थाईलैंड संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया है। यह समूह 18वीं लोकसभा की अवधि के लिए गठित किया गया है। पत्र में उल्लेख है कि लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सांसद अतुल गर्ग को भारत-थाईलैंड संसदीय मैत्री समूह में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस समूह का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच संसदीय स्तर पर सहयोग, संवाद और मैत्री संबंधों को मजबूत करना है। संसदीय मैत्री समूह विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने, प्रतिनिधिमंडल आदान-प्रदान तथा संसदीय अनुभव साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतुल गर्ग का इस समूह में नामांकन गाजियाबाद के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। राजनीतिक हलकों में इसे भारत-थाईलैंड संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

# कब तक खुले नाले बनते रहेंगे मौत के जाल

## कब जागेंगी जिम्मेदार एजेंसियां, कब होंगे ये डेंजर पॉइंट सेफ?




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में खुले नाले अब सिर्फ अव्यवस्था की पहचान नहीं रहे, बल्कि सीधे तौर पर आम जनता की जान के दुश्मन बन चुके हैं। हाल के दिनों में हुए दो दर्दनाक हादसों ने प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच की खाई को उजागर कर दिया है। गौतमबुद्ध नगर में इंजीनियर युवराज की नाले में गिरकर हुई मौत के बाद भी हालात नहीं सुधरे। इसके बाद गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट क्षेत्र में एक कारोबारी की खुले नाले में गिरने से मौत ने व्यवस्था पर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं के बावजूद नगर निगम क्षेत्र में आज भी जगह-जगह खुले नाले, बिना बैरिकेडिंग, बिना चेतावनी और बिना सुरक्षा इंतजाम के मौजूद हैं। बीते दिनों जिलाधिकारी द्वारा गाजियाबाद में 80 डेंजर पॉइंट चिन्हित किए गए थे। निर्देश साफ थे, खुले नालों को कवर किया जाएं।

बैरिकेडिंग व रेलिंग लगाई जाए। तो चेतावनी बोर्ड और लाइट की व्यवस्था हो, लेकिन सिहानी गेट हादसे के बाद यह साफ हो गया कि निर्देश कागजों तक ही सीमित रह गए। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने मंगलवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों का निरीक्षण किया, जहां हालात यह बता रहे थे कि कभी भी कोई और हादसा हो सकता है–जो जानलेवा साबित हो सकता है।

### राज नगर रेलवे स्टेशन के सामने खुला मौत का नाला




करंट क्राइम : राज नगर रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने नगर निगम की मार्केट और उसके ठीक पीछे एक बड़ा खुला नाला मौजूद है। न कोई सुरक्षा कवच है,न कोई बैरिकेडिंग, न चेतावनी संकेत लगा है। नाले के बिल्कुल किनारे दुकानें संचालित हो रही हैं, जहां दिनभर भारी भीड़ रहती है। पहले भी यहां छोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन गंदे और गहरे नाले में अगर कोई गिर जाए, तो बचने की संभावना बेहद कम हो जाती है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम ने आज तक यहां किसी तरह का ठोस इंतजाम नहीं किया।

### नवयुग मार्केट और नगर निगम मुख्यालय के पास खतरा कायम




करंट क्राइम : नगर निगम कार्यालय के ठीक आसपास स्थित नवयुग मार्केट और मार्केट क्षेत्र में कई छोटे-बड़े नाले खुले पड़े हैं। दोपहिया वाहन चालक कई बार गिर चुके हैं, कोई स्थायी सुरक्षा इंतजाम नहीं। हादसों के बावजूद लापरवाही जारी, जब खुद नगर निगम मुख्यालय के आसपास ही हालात ऐसे हैं, तो शहर के अन्य इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कवि नगर का चौधरी भवन–बिना संकेत, बिना सुरक्षा




करंट क्राइम : कवि नगर इलाके का चौधरी भवन चौराहा एक बेहद व्यस्त स्थान है। यहां मौजूद गहरा और चौड़ा नाला हर रोज सैकड़ों लोगों की आवाजाही के बीच खुला पड़ा है। न रेलिंग, न दिशा-सूचक बोर्ड और न चेतावनी लाइट नाले में पानी और सिल्ट भरी रहती है, जिससे गिरने वाला व्यक्ति बाहर निकल भी नहीं पाएगा। तेज रफ्तार या अनियंत्रित वाहन के लिए यह जगह सीधा मौत का न्योता है।

### नेहरू नगर नाला–अतिक्रमण और अंधेरे का खतरा




करंट क्राइम : नेहरू नगर का प्रमुख नाला भी कई स्थानों पर खुला है।कहीं दुकानों का अतिक्रमण, कहीं पूरी तरह अंधेरा, न लाइट, न चेतावनी बोर्ड, यहां भी एजेंसी की घोर लापरवाही साफ नजर आती है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां कभी भी किसी की जिंदगी खत्म हो सकती है। सूत्रों और रियलिटी चेक से यह सामने आया है कि कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में बड़ी संख्या में ऐसे स्थान मौजूद हैं, जो कभी भी जानलेवा हादसों का कारण बन सकते हैं।

### सबसे बड़ी विधानसभा से मिल रहे हैं अमर सियासत के संकेत

# राजनीति होगी इस छोर से उस छोर तक मगर साहिबाबाद ही रहेगा केंद्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में हर नेता अपनी कर्मभूमि विकसित करता है। ये कर्मभूमि नेता की पहचान होती है। राजनीति में चुनाव जीतना या हारना खास बात नहीं होती है। राजनीति में खुद को जन नेता के रूप में स्थापित करना बड़ी बात होती है।

राजनीति के खिलाड़ी किसी एक भूमि को अपनी कर्मभूमि के रूप में विकसित करते हैं और फिर ये भूमि उनकी पहचान बनती है। राजनीति के मजबूत खिलाड़ियों की बात करें तो पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम आता है। ये वो चेहरा है जिसने लहर के बीच अपनी ताकत का मुलाहिजा दिखाया है।

उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा नगर पालिका पंचायत अध्यक्ष का चुनाव निर्दलीय के रूप में जीतीं हैं और बड़ी बात ये है कि उन्होंने यहां यह उपलब्धि भाजपा को हराकर प्राप्त की है। अमरपाल शर्मा के खाते में बड़ी उपलब्धि ये है कि देश की सबसे बड़ी विधानसभा के वो सबसे पहले विधायक रहे हैं। वो सियासत के खिलाड़ी हैं और इसमें कोई दोराय नहीं है कि वो राजनीति के हर गुणाभाग को जानते हैं।

कई चुनाव लड़ चुके हैं और हाल ही में उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा। बागपत से वो चुनाव लड़े और भले ही चुनाव हार गये लेकिन अपनी पहचान छोड़ने में सफल रहे हैं। उनके समर्थक तो यहां तक कहते हैं कि अगर



> राजनीति के मजबूत खिलाड़ियों की बात करें तो पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम आता है। ये वो चेहरा है जिसने लहर के बीच अपनी ताकत का मुलाहिजा दिखाया है।

चुनाव लड़ने के लिए समय मिल जाता तो यहां का नतीजा बदल जाता। अमरपाल सियासत के मजबूत चेहरे हैं। ये बात उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं और पक्ष विपक्ष के नेता भी इस बात को मानते हैं। कोई भी नेता किस क्षेत्र को चुनावी रणभूमि के रूप में चुन रहा है इसके संकेत उनके मूवमेंट से मिलते हैं।

उस धरा पर उनके कदम पड़ने लगते हैं और वो जमीन राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु बनने लगती है। बीते दिनों ये चर्चा तेजी से चली थी कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की चुनावी लोकेशन इस विधानसभा में अलग हो सकती है। ये लोकेशन कभी लोनी तो कभी धौलाना की बताई जाती है। लेकिन राजनीतिक जानकार बताते हैं कि उनका फोकस उसी जमीन पर है जहां उन्होंने पहली जीत हासिल की है। वो उसी विधानसभा पर फोकस कर रहे हैं जहां उन्होंने लहर में अपनी टीआरपी का जलवा दिखाया है। माना जाता है कि चुनाव से पहले वो बड़ी विधानसभा में बड़ी प्लानिंग कर रहे हैं। इस चर्चा का आधार भी पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के कार्यक्रम बताये जाते हैं।

बताते हैं कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपना जन्मदिन राजेन्द्र नगर स्थित अपने कार्यालय पर मनाया। समर्थक पहुंचे केक कटा और पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। बताते हैं कि अब होली मिलन का गुलाल भी इसी विधानसभा में लगाया जायेगा।

होली मिलन का कार्यक्रम तय हो चुका है। एक मार्च को पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा द्वारा होली मिलन महोत्सव का आयोजन बड़े बैंकट हॉल में किया जायेगा। यहां कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। खोड़ा में उनकी कुछ ना कुछ पोलिटिक्ल एक्टिविटी होती रहती है। ये सभी संकेत इस बात के प्रतीक हैं कि चुनाव के बड़े खिलाड़ी की लोकेशन साहिबाबाद रहेगी।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
04 | बुधवार • 25 फरवरी -2026

# संवाद

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संबंधित मामले में बलात्कार से संबंधित कानून के प्रावधानों की विचित्र व्याख्या करके आरोपियों के प्रति जिस तरह नरम रुख अख्तियार किया था, वह अपने आप में न्याय की प्रक्रिया पर एक गंभीर सवाल था। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की सुनवाई और फैसले की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि न्यायालय में पीड़िता के पक्ष पर कितनी संजीदगी के साथ गौर किया गया। खासतौर पर हमारे देश में बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के मामले में न केवल इस अपराध की प्रकृति, बल्कि उसका पीड़िता के मन-मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशील रुख अपनाने की जरूरत होती है, लेकिन कई बार इन तकाजों को प्राथमिक नहीं माना जाता।

मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में एक जरूरी मानक सामने रखा है कि निचली अदालतों में बलात्कार के मामलों पर सुनवाई करते हुए कितना संवेदनशील होने की जरूरत है! गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में एक नाबालिग लड़की पर यौन इरादे से शारीरिक बलप्रयोग को बलात्कार के प्रयास का अपराध नहीं माना और आरोपों को हल्का करार दिया। उस समय भी अदालत के रुख और उसकी टिप्पणियों पर तीखे सवाल उठे थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, उससे एक बार फिर महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संबंधित मामले में बलात्कार से संबंधित कानून के प्रावधानों की विचित्र व्याख्या करके आरोपियों के प्रति जिस तरह नरम रुख अख्तियार किया था, वह अपने आप में न्याय की प्रक्रिया पर एक गंभीर सवाल था। खासतौर पर एक नाबालिग लड़की पर तीन युवकों के शारीरिक बलप्रयोग, बदतमीजी और उसकी गरिमा को चोट पहुंचाने की जिस स्तर पर अनदेखी की गई और आरोप की गंभीरता को कम किया गया, उस पर खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी गहरी नाराजगी जताई थी। बीते वर्ष 25 मार्च को शीर्ष अदालत की पीठ ने साफ शब्दों में कहा था कि यह फैसला पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय नजरिए को दिखाता है, इसलिए इस पर रोक जरूरी है। अब उसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को फटकार लगाई और उसके विवादित फैसले को पलटते हुए नाबालिग लड़की से की गई हरकत को ह्यबलात्कार का प्रयासह्न करार दिया। अब यह मुकदमा गंभीर अपराध और पाक्सो अधिनियम के सख्त प्रावधानों के तहत चलेगा। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह रुख महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की रोकथाम और खासतौर पर अदालतों में बलात्कार जैसे गंभीर अपराध की सुनवाई के क्रम में कभी-कभार बरती जाने वाली असंवेदनशीलता के मद्देनजर बेहद अहम है। सवाल है कि ऐसे मामलों में कानूनी प्रावधानों की व्याख्या करते हुए अपराध की प्रकृति, पीड़िता की स्थिति और सामाजिक हकीकतों को ध्यान में रखना जरूरी क्यों नहीं समझा जाता!

# शेयर बाजार में हाहाकार!
# निवेशकों के डूबे 6 लाख करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1068.74 अंक गिरकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 288.35 अंक गिरकर 25,424.65 अंक पर बंद हुआ।

भारतीय बाजार मंगलवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1068.74 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 82,225.92 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 288.35 अंक या 1.12 प्रतिशत गिरकर 25,424.65 पर बंद हुआ।

### छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान

शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव व्यापक रहा, जिसमें मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक में करीब 1 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। तेज गिरावट के बीच निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई। इससे निवेशकों को एक ही दिन में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

### तकनीकी शेयरों में कमजोरी का रुझान जारी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एआई के संभावित प्रभाव के कारण तकनीकी शेयरों में कमजोरी का रुझान जारी है। भारतीय आईटी कंपनियों के एडीआर में कमजोरी यह संकेत देती है कि यह सेगमेंट दबाव में बना रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आज बाद में होने वाला स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन और उसमें दिया जाने वाला संदेश वैश्विक बाजारों द्वारा उत्सुकता से देखा जाएगा।

### इन कारणों से दिखी गिरावट

वैश्विक व्यापार और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों का मनोबल कमजोर बना रहा। यह कमजोरी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 10-15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ ढांचे की घोषणा के बाद टैरिफ संबंधी चिंताओं के फिर से उभरने से उत्पन्न हुई है, जिससे वैश्विक आर्थिक विकास और कंपनियों की आय पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं।

# मजबूत घरेलू मांग के कारण तीसरी तिमाही में 8.1% रह सकती है वृद्धि दर, नए टैरिफ नियमों से बाजार में हलचल



**नई दिल्ली।** एसबीआई रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.1% रहने का अनुमान है। वहीं मूडीज ने ट्रंप के 15% टैरिफ से एशिया और भारत के व्यापार पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण किया है।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी व्यापार नीतियों में हो रहे बड़े बदलावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत घरेलू आधार के दम पर मजबूती से खड़ी है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (ऋ26) की तीसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 प्रतिशत के करीब रहने का अनुमान है। वहीं, दूसरी ओर मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 प्रतिशत के एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं।

**एशिया-प्रशांत क्षेत्र को राहत :** मूडीज के मुताबिक, इस 15% एकसमान टैरिफ से चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन देशों को फायदा हो सकता है, जो अब तक भारी टैरिफ का सामना कर रहे थे। हालांकि, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान पर इसका सीमित असर होगा क्योंकि उनके बेस टैरिफ पहले से ही 15% के करीब हैं।

भारत की व्यापारिक वाताओं पर अनिश्चितताः सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने भारत और इंडोनेशिया के साथ अमेरिका की व्यापारिक वाताओं पर अनिश्चितता के बादल ला दिए हैं। भारत ने वाशिंगटन भेजे जाने वाले अपने प्रतिनिधिमंडल का दौरा भी फिलहाल टाल दिया है। आने वाले समय में वैश्विक व्यापार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### घरेलू खपत से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिली रफ्तार

**खपत में वृद्धि :** कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के कारण ग्रामीण खपत मजबूत बनी हुई है। इसके साथ ही, पिछले त्योहारी सीजन के खर्च और राजकोषीय प्रोत्साहन से शहरी खपत में भी निरंतर सुधार देखने को मिला है।

**जीडीपी अनुमान :** पहली अग्रिम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 (ऋ26) के लिए भारत की कुल जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**बेस ईयर में बदलाव :** भारत अपने जीडीपी का बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर रहा है, जिसके नए आंकड़े 27 फरवरी 2026 को जारी होंगे। यह नया बेस ईयर डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा।

**महंगाई दर का लक्ष्य :** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का बेस ईयर भी 2024 कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, इसके आधार पर अप्रैल की मौद्रिक नीति में महंगाई दर के लक्ष्यों के संशोधित ढांचे की समीक्षा की जाएगी।

### अमेरिकी टैरिफ नीति और वैश्विक व्यापार पर असरः मूडीज

जहां भारत का घरेलू बाजार मजबूत है, वहीं विदेशी मोर्चे पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले ने ट्रंप प्रशासन के 'कंट्री-स्पेसिफिक' (देश-विशिष्ट) टैरिफ ढांचे को खारिज कर दिया है। इसके जवाब में ट्रंप ने 150 दिनों के लिए सभी आयातों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया है और इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की योजना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शुक्र के बादलों के ऊपर फ्लोटिंग शहरों दो ग्रह प्रजातियों के लिए हमारी सबसे अच्छी शर्त हो सकती हैं। धरती के समान स्थितियां एक इंसान को एक दबावयुक्त सूट की आवश्यकता नहीं होती है, गुरुत्व समान है और पारगमन का समय मंगल ग्रह से कम हैं।
- अंतरिक्ष में तैरता हुआ एक जलाशय है जिसमे दुनिया भर के समुद्र के पानी की तुलना में 140 ट्रिलियन गुना अधिक पानी है।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर, मूत्र एक विशेष जल उपचार संयंत्र से गुजरता है जो इसे पीने के पानी में बदल देता है।
- अंतरिक्ष में यदि आप किसी के सामने खड़े रहकर भी तेज चिल्लाएंगे तो भी वह आपकी आवाज नहीं सुन पायेगा क्योकि वहां पर आपकी आवाज को एक स्थान से दुसरे स्थान तक पहुचाने का कोई माध्यम नहीं हैं।
- स्पेस में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण स्पेस यात्री भोजन पर नमक या मिर्च नहीं छिड़क सकते है। वे भोजन भी द्रव्य के रूप में लेते है, ऐसा इसलिए है क्योकीं सूखे भोजन हवा में तैरने लगेगें और इधर उधर टकराने के साथ ही स्पेस यात्री की आंख में भी घुस जाएगा।

# 300 अरब डॉलर का होगा ई-कॉमर्स बाजार

**नई दिल्ली।** बोस्टान कंस्लि्टंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय ई-कॉमर्स बाजार चार वर्षों में बढ़कर 280-300 अरब डॉलर के बीच पहुंच सकता है। इसमें कहा गया है कि उपभोक्ताओं के खरीदारी पैटर्न में बदलाव देखने को मिल रहा है। 10 में से पांच ऑफलाइन खरीदार खरीदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन चैनलों का उपयोग करते हैं।



रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ई-कॉमर्स में ई-रिटेल और ई-सेवाएं शामिल हैं। इनका अनुमानित मूल्य क्रमशः 75-85 अरब डॉलर और 45-55 अरब डॉलर है। ई-सेवाओं की वृद्धि दर 20-22 प्रतिशत रहेगी, जबकि ई-रिटेल की वृद्धि दर 16-18 प्रतिशत रहेगी।

**उपभोक्ताओं की खरीदारी का पैटर्न बदला :** विभिन्न क्षेत्रों के 12,000 से अधिक उपभोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट में कहा गया है कि आजकल खरीदार सुविधा, विश्वास और आवश्यकता के आधार पर स्क्रीन और स्टोर के बीच सहजता से आवागमन करते हैं, ऑनलाइन खोज करते हैं, ऑफलाइन खरीदारी करते हैं और ऑफलाइन खरीदारी करते हैं। लगभग दो-तिहाई महिला खरीदारों का कहना है कि वे ऑनलाइन खरीदारी को अधिक सुरक्षित मानती हैं। इसका कारण गोपनीयता, सुगम पहुंच और किसी भी समय स्वतंत्र रूप से खरीदारी करने की क्षमता है। खरीदार हुए अधिक विविधतापूर्ण बीसीजी की पार्टनर और डायरेक्टर कनिका सांघी ने कहा कि भारत के खरीदार अधिक विविधतापूर्ण होते जा रहे हैं। उपभोक्ता अपनी आवश्यकताओं और परिपक्वता के अनुसार विभिन्न प्रारूपों का उपयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारों का जनसांख्यिकीय मिश्रण अधिक लोकतांत्रिक होता जा रहा है।

# भारत का जीडीपी मापने का तरीका बदलेगा
# नया बेस ईयर 2022-23 होगा, 27 फरवरी को आएंगे नए आंकड़े



**नई दिल्ली।** भारत सरकार 27 फरवरी से GDP गणना का नया तरीका लागू कर रही है। बेस ईयर 2022-23 होगा और सटीकता के लिए 'डबल डिफ्लेशन' और 500-600 आइटम्स का इस्तेमाल होगा। महंगाई के बाद अब भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि यानी रियल जीडीपी को मापने के तरीके में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सरकार इस हफ्ते जीडीपी की गणना के लिए एक नई और अधिक सटीक प्रणाली पेश करने वाली है, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ जाएगी।

### क्या है नया बदलाव?

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने बताया कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश करने के लिए अब कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) और पुराने होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) से लगभग 500-600 आइटम्स का इस्तेमाल किया जाएगा। पहले महंगाई का असर घटाकर रियल जीडीपी निकालने के लिए सिर्फ 180 आइटम का ही इस्तेमाल किया जाता था।

### बदलाव की जरूरत क्यों पड़ी?

पुरानी और कमजोर व्यवस्थाः अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह चिंता जताई थी कि जीडीपी मापने का पुराना तरीका आउटडेटेड हो चुका है क्योंकि यह आम लोगों से जुड़े कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (उढक) के बजाय मुख्य रूप से थोक महंगाई पर ज्यादा निर्भर था।

**आईएमएफ की चेतावनीः** पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी भारत की जीडीपी गणना प्रणाली की कमजोरियों पर सवाल उठाए थे। आईएमएफ ने पुराने 2011-12 के बेस ईयर और 'सिंगल डिफ्लेशन' तरीके के ज्यादा इस्तेमाल के कारण इस फ्रेमवर्क को 'सी' रेटिंग दी थी। पुराने तरीके में कम थोक महंगाई होने पर रियल ग्रोथ रेट असलियत से ज्यादा दिखने लगती थी।

### डबल डिफ्लेशन से मिलेगी असली तस्वीर

इस पूरे बदलाव का सबसे अहम हिस्सा 'डबल डिफ्लेशन' तकनीक को अपनाना है। इस तकनीक में इनपुट (लागत) और आउटपुट (तैयार माल) दोनों की कीमतों में होने वाले बदलावों को अलग-अलग एडजस्ट किया जाता है। सौरभ गर्ग के मुताबिक, इससे खास तौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के आंकड़ों की सटीकता में भारी सुधार आएगा, जो पुराने तरीके में इनपुट और आउटपुट की कीमतों में अंतर के कारण सही नहीं आ पाते थे।

### नए आंकड़े कब आएंगे?

सरकार 27 फरवरी को 2022-23 के नए बेस ईयर के साथ जीडीपी की नई सीरीज जारी करेगी। इसके साथ ही पिछले चार वर्षों का बैक-सीरीज डेटा भी जारी किया जाएगा, ताकि पुरानी और नई ग्रोथ का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सके।

### वर्तमान आर्थिक स्थिति

पुराने मानकों के अनुसार, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक, भारत के 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में विकास दर 6.5% थी। चालू वर्ष में करंट मार्केट प्राइस पर नॉमिनल जीडीपी 8.0% बढ़ने का अनुमान है।

## राशिफल

**मेष :** अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। ऐसे लोगों से दूर रहें जिनकी बुरी आदतें आपके ऊपर असर डाल सकती हैं।

**वृष :** घर परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके काम से जुड़े मसले हल हो जाएंगे। आपके खर्च बेकाबू रहेंगे इसलिए समझदारी से खर्च करें।

**मिथुन :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में शांति का माहौल बना रहेगा। आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं घूमने जायेंगे।

**कर्क :** व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**सिंह :** आलस्य और कम ऊर्जा-स्तर शरीर के लिए जहर का काम करेंगे। किसी सृजनात्मक काम में खुद को व्यस्त रखना बेहतर रहेगा। रुका हुआ धन मिलेगा।

**कन्या :** आज कीर्ति यश में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ मनमुटाव ना हो, इसका ध्यान रखें। मौद्रिक लाभ के लिए यह एक उत्कृष्ट दिन होगा।

**तुला :** आज आप परिवार वालों के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आपको किसी अजनबी से अपनी बातों को शेयर करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक :** आपके लिए आज का दिन अनुकूलता की ओर इशारा कर रहा है। आपको आत्मविश्वास की प्राप्ति होगी और बरसों से अटके हुए काम भी पूरे होने लगेंगे।

**धनु :** आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक़्त देंगे।

**मकर :** आज मान-सम्मान मिलेगा। मध्याह्न के बाद स्थिति थोड़ी बदल सकती है। आज किसी को उधार न दें, परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। ऑफिस में कुछ दोस्तों के सहयोग से आपका प्रोजेक्ट पूरा होगा। समाज में आपका मान- सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** आपके लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार और काम को लेकर चली आ रही परेशानियों में कुछ कमी होगी।

## चुटकुले

लड़का लड़की को फोन करता है....
लड़का- कहां हो?
लड़की- मॉम डैड के साथ डिनर कर रही हूं 5 स्टार होटल में...
घर पहुंच के बात करती हूं।
तुम कहां हो?
लड़का- जिस भंडारे में तू खा रही है मैं वहीं तेरे पीछे वाली लाइन में परोस रहा हूं।
पूड़ी चाहिए हो तो बता देना।

---

मुसीबत में भी पत्नी से कभी पैसे उधार ना लें...
मैंने दो साल पहले 20 हजार लिए थे।
50 हजार दे चूका हूं ...अभी भी 25 बाकी हैं,
पता नहीं कौन सा हिसाब लगाती हैं।

---

मनोहर- क्या एक वाइफ अपने हसबैंड को लखपति बना सकती है?
गजोधर- हां, पर हसबैंड करोड़पति होना चाहिए।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# विंडीज की बड़ी जीत से भारत पर बढ़ा दबाव दो धमाकेदार जीत अब अनिवार्य, समीकरण





**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रनों से हराकर सुपर-8 में सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। इस जीत से भारत पर दबाव बढ़ गया है, जिसका नेट रन रेट बेहद खराब है। भारत को अपने दोनों शेष मैच जीतने के साथ अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।

वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 107 रनों की विशाल जीत दर्ज कर सेमीफाइनल की रेस में मजबूत दावेदारी पेश की। सोमवार को मुंबई के वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले में कैरेबियाई बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया। 107 रन की बड़ी जीत के साथ वेस्टइंडीज सुपर-8 ग्रुप-1 में 5.35 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। वहीं, जिम्बाब्वे का नेट रन रेट -5.35 है।

क्या इतिहास दोहरा पाएगा भारतः टी20 विश्वकप जीतने का बन रहा गजब का संयोग! 2007 की तरह इस बार भी हुआ ऐसा, जानें

अंक तालिका में बड़ा बदलाव

वेस्टइंडीज की स्थिति मजबूत है और उनका नेट रन रेट ऐसा है कि उसे कम करने या किसी और टीम को उसकी बराबरी करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। एक और बड़ी जीत उन्हें 2016 के बाद पहली बार टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में भेजने के लिए काफी होगा। अब वेस्टइंडीज का मुकाबला दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका से है। दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट 3.80 है। इन दोनों के बीच मुकाबला दिलचस्प होगा क्योंकि हारने वाली टीम के लिए रास्ता कठिन होगा। हालांकि, यह भारत जितना कठिन नहीं होगा।

भारत के लिए स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की करारी हार के बाद भारत का नेट रन रेट -3.80 है, जो ग्रुप में जिम्बाब्वे के बाद सबसे खराब है। भारत को अब अपने बचे हुए दोनों मुकाबले, 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ और एक मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ, हर हाल में जीतने होंगे। हालांकि सिर्फ जीत काफी नहीं होगी, क्योंकि कमजोर नेट रन रेट भारत की राह में बड़ी बाधा बन सकता है।

# डी गुकेश के पास साल का अपना पहला खिताब जीतने का मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश प्राग अंतरराष्ट्रीय में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनके पास साल का अपना पहला खिताब जीतने का सुनहरा अवसर रहेगा।

विश्व चैंपियन डी गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान, जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानंद खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे, जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।

## क्रिकेट के भगवान के सामने झुका अंपायर का सिर

# स्टीव बकनर ने वर्षों बाद माना सचिन को गलत आउट दिया था





**नई दिल्ली।** स्टीव बकनर ने ब्रिस्बेन 2003 और सिडनी 2005 में सचिन तेंदुलकर को दिए गए गलत फैसलों को मानवीय भूल बताते हुए स्वीकार किया है। उन्होंने माना कि ये उनके करियर की बड़ी गलतियां थीं। सचिन ने तब भी मयार्दा बनाए रखी, जिससे उनकी महानता और खेल भावना उजागर होती है। क्रिकेट इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो स्कोरकार्ड से ज्यादा फैंस की यादों में दर्ज हो जाते हैं। ऐसा ही एक दौर था जब ह्यक्रिकेट के भगवानह्न कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के खिलाफ अंपायर स्टीव बकनर के फैसले विवादों में रहे। पांच दिनों के भीतर दो बार सचिन को गलत आउट दिए जाने की घटनाओं ने फैंस को झकझोर दिया था। उस समय डिसिजन रिव्यू सिस्टम नहीं था, इसलिए फैसले पलटे नहीं जा सकते थे। सचिन हर बार सिर झुकाकर मैदान छोड़ देते, लेकिन प्रशंसकों के दिल में कसक रह जाती।

### बकनर का कबूलनामा

हाल ही में एक इंटरव्यू में स्टीव बकनर ने इन घटनाओं को याद करते हुए स्वीकार किया, 'मुझसे दो बड़ी गलतियां हुईं। पहली गलती तब हुई जब गेंद स्टंप्स के ऊपर से जा रही थी और दूसरी तब जब गेंद बल्ले को नहीं छुई थी। ऑस्ट्रेलिया में सचिन के खिलाफ वो फैसला देना मेरे करियर की उन यादों में से है, जिसे मैं सुधारना चाहता हूं।' उन्होंने इसे मानवीय भूल बताया और माना कि इतने बड़े खिलाड़ी के खिलाफ गलत फैसला देना लंबे समय तक दिमाग में रहता है। कुल 128 टेस्ट और 181 वनडे में अंपायरिंग करने वाले बकनर ने कहा कि अब डीआरएस के कारण अंपायरिंग में सुधार हुआ है और उन्होंने इस प्रणाली का विरोध करने वाले अंपायरों से फिर से सोचने का आग्रह किया।

## 16 साल पहले लगा था पहला दोहरा शतक

### तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट को नए मुकाम तक पहुंचाया



### तेंदुलकर ने 147 गेंदों में तीन छक्कों और 25 चौकों के साथ नाबाद 200 रन बनाए

**मुंबई।** 24 फरवरी 2010 को ग्वालियर में सचिन तेंदुलकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 147 गेंदों में नाबाद 200 रन बनाकर वनडे क्रिकेट का पहला दोहरा शतक जड़ा और इतिहास रच दिया। भारत ने 401/3 का विशाल स्कोर खड़ा कर 153 रन से जीत दर्ज की। यह पारी सीमित ओवरों में बल्लेबाजी की सोच बदलने वाली साबित हुई। क्रिकेट इतिहास में 24 फरवरी का दिन बेहद ऐतिहासिक रहा है। इस दिन पहली बार किसी बल्लेबाज ने वनडे क्रिकेट में 200 रन के आंकड़े को छुआ था। यह कारनामा मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने ग्वालियर स्थित कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में 24 फरवरी 2010 को किया था। उस समय तक सीमित ओवरों के क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ एक सपना था।

तेंदुलकर ने इस सपने को हकीकत में बदलने का काम किया था। सचिन तेंदुलकर के वनडे क्रिकेट में पहले दोहरे शतक ने बल्लेबाजों की सोच को बदला। इस पारी ने यह साबित किया कि सीमित ओवरों में भी धैर्य, फिटनेस और निरंतर आक्रामकता से बड़े स्कोर संभव हैं, जिससे बाद में कई खिलाड़ियों ने नई ऊंचाइयां छुईं। पुरुषों के वनडे इतिहास में आज तक 12 बार दोहरा शतक लगाए गए हैं। आइए, भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच उस ऐतिहासिक मुकाबले के बारे में विस्तार से जानते हैं। दक्षिण अफ्रीका को हर हाल में चाहिए थी जीत भारतीय टीम तीन मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच एक रन के करीबी अंतर से अपने नाम कर चुकी थी।

यहां से दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में बने रहने के लिए हर हाल में जीत की दरकार थी, लेकिन कौन जानता था कि सीरीज के दूसरे मुकाबले में सचिन तेंदुलकर कुछ ऐसा कर देंगे, जो शायद ही किसी ने सोचा हो। सचिन और सहवाग ओपनिंग करने आए भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। सचिन तेंदुलकर के साथ वीरेंद्र सहवाग बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर आए।

# रणजी फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ जम्मू-कश्मीर ने जीता टॉस, बल्लेबाजी का फैसला किया





**हुबली।** पिच रिपोर्ट की बात करें तो घास अच्छी तरह फैली हुई है, लेकिन थोड़ी सूखी लग रही है। घास सतह को अच्छी तरह संभाले रखेगी। शुरूआती समय में नमी हो सकती है और मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है।

रणजी ट्रॉफी एलीट 2025-26 के खिताबी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमें के लिए यह मुकाबला काफी अहम है, क्योंकि कर्नाटक क टीम नौवें रणजी ट्रॉफी खिताब को जीतने की कोशिश करेगी, जबकि जम्मू-कश्मीर के पास पहला खिताब जीतने का मौका है। यह मुकाबला केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है।

पिच रिपोर्ट की बात करें तो घास अच्छी तरह फैली हुई है, लेकिन थोड़ी सूखी लग रही है। घास सतह को अच्छी तरह संभाले रखेगी। शुरूआती समय में नमी हो सकती है और मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा।

जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। पिच सूखी लग रही है और बाद में इसमें टर्न आ सकता है। हमने सरल रणनीति अपनाई है और भगवान की कृपा से हमने अच्छा क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि बस बुनियादी बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें कुछ मजबूरी में बदलाव करने पड़े। वहीं, कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह प्रासंगिक है।

मैंने तीनों मैचों में टॉस हारा है, हम भी गेंदबाजी करना चाहते थे। रणजी फाइनल तक पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है, कई खिलाड़ी टीम में आए हैं और अपने पहले या दूसरे सीजन में फाइनल का अनुभव करना शानदार है। हमारी टीम वही है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**जम्मू-कश्मीर:** कमरान इकबाल, यावेर हसन, शुभम पुंडीर, पारस डोगरा (कप्तान), अब्दुल समद, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), आबिद मुश्ताक, ऑकिब नबी डार, युद्धवीर सिंह चरक, साहिल लोत्रा, सुनील कुमार।

**कर्नाटक:** केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, श्रेयस गोपाल, क्रुथिक कृष्णा (विकेटकीपर), विद्याधर पाटिल, विजयकुमार वैषाक, शिखर शेट्टी, प्रसिद्ध कृष्णा।

# महिला टी-20 विश्वकप 12 जून से पांच जुलाई तक खेला जाएगा




**दुबई।** पिछले साल वनडे विश्वकप जीतने के बाद अब टीम इंडिया की नजर पहली बार टी20 विश्वकप जीतने पर होगी। फाइनल मुकाबला पांच जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला टी20 विश्व कप 2026 के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में होने वाला यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव माना जा रहा है। खास बात यह है कि ग्रुप चरण में ही भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी, जिससे टूर्नामेंट को जबरदस्त शुरूआत मिलने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

**क्वालिफायर के बाद तय हुई 12 टीमों की तस्वीर**

पिछले महीने नेपाल में खेले गए क्वालिफायर के बाद 12 टीमों का लाइन-अप तय हुआ। मेजबान इंग्लैंड के अलावा बांग्लादेश, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने भी क्वालिफिकेशन के जरिए जगह बनाई। इस बार यूरोपीय देशों की भागीदारी खास है। इंग्लैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड जैसे चार यूरोपीय देशों की मौजूदगी के साथ टूर्नामेंट में एक-तिहाई टीमें यूरोप से हैं, जो इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार हुआ है।

**14 जून को भारत-पाकिस्तान महामुकाबलाः** भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

**मेजबान इंग्लैंड के अहम मुकाबले**

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 12 जून को एजबेस्टन में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। इंग्लैंड 20 जून को हेडिंग्ले में स्कॉटलैंड से भिड़ेगा, यह इंग्लैंड की धरती पर पुरुष या महिला विश्व कप में इन दोनों टीमों की पहली भिड़ंत होगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 24 जून को लॉर्ड्स में मुकाबला खेला जाएगा, जबकि 27 जून को द ओवल में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगे।

**नीदरलैंड का ऐतिहासिक डेब्यू**

नीदरलैंड पहली बार महिला टी20 विश्व कप में भाग ले रहा है। युवा खिलाड़ियों से सजी यह टीम भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों के खिलाफ अपनी परीक्षा देगी। इस टूर्नामेंट में कुल पांच ट्रिपल हेडर यानी एक दिन में तीन मैच और पांच डबल हेडर यानी एक दिन में दो मुकाबले होंगे।

**नॉकआउट मुकाबलों का कार्यक्रम**

सेमीफाइनल मुकाबले 30 जून और दो जुलाई को द ओवल में खेले जाएंगे। फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में होगा, जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का भव्य समापन करेगा। पिछले साल वनडे विश्वकप जीतने के बाद अब टीम इंडिया की नजर पहली बार टी20 विश्वकप जीतने पर होगी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, 'महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का जारी होना एक अहम पड़ाव है। यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट में हमारे निरंतर निवेश और उसके वैश्विक विस्तार को दशार्ता है। हमें विश्वास है कि यह प्रतियोगिता खेल के विकास की अगली निर्णायक कहानी लिखेगी।'

**महिला क्रिकेट का रोमांच**

इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। भारत-पाकिस्तान मुकाबले, ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका की टक्कर और मेजबान इंग्लैंड के अहम मैच इस प्रतियोगिता को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। महिला टी20 विश्व कप 2026 न केवल क्रिकेट के रोमांच का उत्सव होगा, बल्कि यह महिला खेलों के नए युग की भी घोषणा करेगा।

# फुटबॉल के नए नियमों से नाखुश हैं डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** जॉर्जिया के रोम में द वर्सिटी रेस्टोरेंट में ट्रंप ने 19 फरवरी को जोश पैट के साथ बैठकर खास बातचीत की। यह इंटरव्यू रविवार रात को रिलीज किया गया था। फुटबॉल के नियमों में हुए बदलावों के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि वह नए किकऑफ नियम से खुश नहीं हैं।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉलेज फुटबॉल पॉडकास्ट पर एक बड़े इंटरव्यू में खेल के नए नियमों पर नाराजगी जाहिर की है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार में हायरिंग के फैसले, वफादारी और नेतृत्व को लेकर भी बात की। जॉर्जिया के रोम में द वर्सिटी रेस्टोरेंट में ट्रंप ने 19 फरवरी को जोश पैट के साथ बैठकर खास बातचीत की। यह इंटरव्यू रविवार रात को रिलीज किया गया था। फुटबॉल के नियमों में हुए बदलावों के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि वह नए किकऑफ नियम से खुश नहीं हैं।

उन्होंने आगे कहा, 'यह बहुत बुरा है। मुझे इसे देखना पसंद नहीं है, और मुझे फुटबॉल में बहुत सी चीजें देखना पसंद नहीं है। जब मैं फुटबॉल को देखता हूं, तो मुझे उनका यह नया किकऑफ नियम बिल्कुल पसंद नहीं आता है। आप भी यह जानते हैं कि यह ग्लैमर, शान को खत्म कर देता है और खेल से सब कुछ छीन लेता है।'

किकऑफ को गेम की शुरूआत और एक अहम चीज बताते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एनएफएल के लिए बहुत बुरा है और मुझे उम्मीद है कि कॉलेज फुटबॉल इस नियम को नहीं अपनाएगा।' ट्रंप से जब पूछा गया कि वह कैसे तय करते हैं कि कौन सा मैच उन्हें अटेंड करना है, इस पर उन्होंने कहा कि वह उन कुछ खिलाड़ियों और टीमों को फॉलो करते हैं और उन्हें ही देखना पसंद करते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे जॉर्जिया पसंद है। मुझे यह जॉर्जिया टीम पसंद है। वैसे, मुझे आपका क्वार्टरबैक पसंद है। मुझे गनर पसंद है। वह एक बेहतरीन क्वार्टरबैक बनने वाला है। मैं इस साल उसे बहुत करीब से देखने वाला हूं।'

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारतीय महिला टीम को हराया

**ब्रिस्बेन।** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 48.3 ओवरों में 214 रन बनाए। स्मृति मंधाना (58) और हरमनप्रीत कौर (53) ने अर्धशतक जड़े, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों का साथ न दे पाना टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोक गया। ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम 48.3 ओवरों में महज 214 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना के अर्धशतक पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली और बेथ मूनी की पारी भारी पड़ी। सीरीज का दूसरा मुकाबला 27 फरवरी को होबार्ट में खेला जाएगा।



भारत की शुरूआत खराब रही। टीम इंडिया को मैच की दूसरी ही गेंद पर प्रतीका रावल (0) के रूप में बड़ा झटका लगा, उस समय तक टीम का खाता नहीं खुला था। यहां से स्मृति मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। शेफाली ने इस पारी में फैंस को निराश किया। वह 17 गेंदों में सिर्फ 4 ही रन बना सकीं। मंधाना ने जेमिमा रोड्रिगेज (8) के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 रन जुटाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जेमिमा के पवेलियन लौटने के बाद मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ चौथे विकेट के लिए 72 गेंदों में 48 रन जोड़कर भारत का शतक पूरा करवाया।

मंधाना 68 गेंदों में 7 चौकों के साथ 58 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद कप्तान कौर ने पारी को संभाला। हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों में 53 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने ऋचा घोष के साथ 37 रन, जबकि काश्वी गौतम के साथ 53 रन टीम के खाते में जोड़े। ऋचा घोष ने 38 गेंदों में 2 चौकों के साथ 23 रन बनाए, जबकि काश्वी ने 44 गेंदों में 43 रन की पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एश्ले गार्डनर ने 33 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए, जबकि मेगन शट ने दो विकेट निकाले। डार्सी ब्राउन, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्राथ और सोफी मोलिनेक्स ने एक-एक विकेट निकाला।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी**

215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम को एलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। लिचफील्ड 32 रन बनाकर आउट हुईं।

वहीं, जॉर्जिया वॉल खाता नहीं खोल सकीं। दोनों को श्रीचरणी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान हीली ने अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई। अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेल रहीं हीली 70 गेंद में चार चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुईं। फिर मूनी ने एनाबेल सदरलैंड के साथ 85 रन की साझेदारी निभाई। मूनी 76 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, सदरलैंड 44 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 48 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारती की ओर से श्रीचरणी को दो विकेट मिले, जबकि क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत:** स्मृति मंधाना, प्रतीक रावल, शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिगेज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काश्वी गौतम, श्री चरणी, क्रांति गौड़ और रेणुका सिंह ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान), फोएबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एनाबेल सदरलैंड, एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनेक्स, अलाना किंग, मेगन शट्ट और डार्सी ब्राउन।

**संबंध विच्छेद**

मैं देवेन्द्र शर्मा पुत्र स्व चुन्नीलाल शर्मा निवासी सी 193 ब्रिज बिहार पोस्ट चन्द्रनगर थाना लिंक रोड गाजियाबाद ने अपने पुत्र राहुल शर्मा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में अपने द्वारा किए गए लेन देन के लिए खुद जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**NAME CHANGED**

I, Neeraj Singh Tomar, R/O Type-3/51, Police Line, Ghaziabad, Uttar Pradesh, hereby declare that my name and my wife's name have been wrongly recorded in the school records of my daughter Janhavi Tomar. My name has been incorrectly recorded as Neeraj Tomar and my wife's name as Bhavana Chaudhary.The correct names are: "Neeraj Singh Tomar" and "Bhavana Choudhary". Henceforth, the correct names may be treated as "Neeraj Singh Tomar" and "Bhavana Choudhary" for all official and future purposes.




# हनंदीपुरम योजना ने पकड़ी रफ्तार

## 76 हेक्टेयर भूमि का बैनामा पूर्ण, 128 हेक्टेयर की प्रक्रिया तेज

### जीडीए की महत्वाकांक्षी योजना के प्रथम चरण को जल्द लॉन्च करने की तैयारी, सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सबसे चर्चित और महत्वाकांक्षी 'हनंदीपुरम योजना' अब धरातल पर उतरने के करीब है। किसानों और प्राधिकरण के बीच आपसी समन्वय का परिणाम है कि योजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में बड़ी सफलता हाथ लगी है।



प्रथम चरण के तहत अब तक 76 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में कराया जा चुका है, जबकि 128 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि के लिए किसानों ने अपनी लिखित सहमति दे दी है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका सहमति आधारित मॉडल है। जीडीए ने किसानों से सीधे संवाद और पारदर्शिता की नीति अपनाई है, जिससे भूमि क्रय की प्रक्रिया बिना किसी बड़े विवाद के आगे बढ़ रही है। किसानों को उनके हक का उचित प्रतिफल सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्राधिकरण के प्रति उनका विश्वास बढ़ा है।

योजना की प्रगति को परखने के लिए जीडीए सचिव द्वारा एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त सचिव, तहसीलदार (प्रभारी भू-अर्जन), लेखपाल और अमीन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सचिव ने 128 हेक्टेयर भूमि की क्रय प्रक्रिया को युद्ध स्तर पर पूरा करने को कहा है। अधिकारियों को स्पष्ट किया गया है कि प्रथम फेज की लॉन्चिंग को समयबद्ध तरीके से पूरा करना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लेखपालों और अमीनों को किसानों से समन्वय बनाए रखने और कागजी कार्यवाही को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए।

हनंदीपुरम को गाजियाबाद के एक 'आधुनिक उपनगर' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के मास्टर प्लान में निम्नलिखित सुविधाएं शामिल हैं: चौड़ी और आधुनिक सड़कों का जाल। बड़े हिस्से में हरित पट्टियां और पार्क।

स्कूल, अस्पताल और सामुदायिक केंद्रों के लिए आरक्षित स्थान। सुव्यवस्थित आवासीय भूखंड और संतुलित शहरी विस्तार। हनंदीपुरम योजना न केवल गाजियाबाद के रिहाइशी दबाव को कम करेगी, बल्कि नियोजित विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

प्राधिकरण की सक्रियता को देखते हुए उम्मीद है कि जल्द ही आम जनता के लिए इस योजना के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## खाते से रुपए निकालने के मामले में बैंक के बाहर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चिकित्सक डॉ0 एसके शर्मा के खाते से 32 लाख रुपए निकालने के मामले में दूसरे दिन भी बैंक के बाहर धरना जारी रहा। आरोप है कि बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत से खाते से पैसे निकाले गए है। नगर की श्रीनगर कॉलोनी निवासी डॉ0 एसके शर्मा के खाते से 17 से 19 फरवरी के बीच उनके बैंक खाते से 32 लाख रुपए निकाले गए थे। पीड़ित ने बैंक अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित बैंक के सामने धरना दे रहा है। उनकी मांग है कि जब तक पैसे वापस नहीं आ जाते और अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो जाती हैए, तब तक धरना जारी रहेंगा। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।




### पार्षदी का खुमार, वो बोला था आया था मेरे पास कोई राजकुमार

लहर का कहर अब ध्वजप्रणाम वाले भी फील कर रहे हैं। फूल की आंधी में अब जलील वाली फील अब कई मौकों पर हो जाती है। पुराने देवतुल्य तो ध्वजप्रणाम वालों का प्रोटोकॉल जानते हैं मगर विधायक जी के चेलों से लेकर पार्षदों के मेलों तक सीन ठीक नहीं होता है। किस्सा बर्फ वाले ध्वजप्रणाम भाईसाहब से जुड़ा है और किस्से में फ्लावर वाले पार्षद हैं। भाईसाहब की भी दुकान है और उन्होंने अपनी दुकान की फाईल तैयार कराई। गोल मार्किट वाले फैसले के बाद अब अन्य बाजार वाले भी चाहते हैं कि मामला सैटल हो। इसके लिए कमेटी बनाई गई और आईस वाले भाईसाहब कमेटी के एक मेम्बर के पास पहुंच गये। उन्हें लगा था कि मैम्बर उन्हें भाई साहब कहते हुए प्रणाम करेंगे। मगर बताते हैं कि जो कुछ हुआ वो बाहर आ गया। मैम्बर ने जो कहा वो बाहर कानों तक आ गया और सबकी जुबानों पर आ गया। मैम्बर ने कहा कि आये थे कोई किंग कुमार अपनी फाईल लेकर। अब बताओ भाईसाहब ये ध्वजप्रणाम वाला भी मेरे पल्ले पड़ रहा है। भई मैं नगर वाले साहब से पूछूंगा या ऐसे ही कर दूंगा। दांतों तले सबकी जुबान है क्योंकि भगवा पार्षद जानता ही नहीं कि ये ध्वजप्रणाम वाले भाई साहब हैं। फूल वाले ही कह रहे हैं कि कम से कम उन्हें ध्वजप्रणाम प्रोटोकॉल तो याद रखना चाहिए।

### उसे नुकसान हो या मुनाफा मगर हो रहा है 6 लाख का तकाजा

नेहरू जी वाले मैदान पर मेला लगा और बच्चे ही नहीं आये। एमपी वाले ठेकेदार ने काम बंद कर दिया और वो चाहता है कि रिआयत हो जाये। मगर कहानी के सूत्र बता रहे हैं कि ठेकेदार को अकाउंट दिखा दिया गया है और बता दिया गया है कि कोई डिस्काउंट नहीं होगा। अब उन पर 6 लाख रूपये का तकाजा हो रहा है। सब अपने अपने तर्क दे रहे हैं और इससे कोई मतलब नहीं है कि तुम्हें मुनाफा हुआ या नुकसान हुआ। इस पूरे सीन की जानकारी दूसरे मैदान वालों को भी है और वो भी अब एमपी वालों को सलाह दे रहे हैं कि तुम भी सन्नी वाला स्टाईल अपना लो। सनी तय होने के बाद पूरी छोड़ो आधी मनी नहीं दी। तकाजा होता रहा और सन्नी ने पैसे देने से ही कन्नी काट ली। बहरहाल नेहरू जी की आत्मा ने खेल बिगाड़ा है या तिवारी जी की आत्मा आई है। जो भी हो पहली बोनी खराब हो गई है।

### अब देवतुल्य नहीं जाते हैं कि किसी भी दरबार और नहीं लागते है गुहार

फूल वाले अब कूल हैं और अब वो पुलिस की किसी भी बात को तूल नहीं देते हैं। पहले तो वो मोर्चा खोलते थे और आने जाने वाले हर मंत्री से कहतेथे कि अफसर हमारी नहीं सुन रहे। फिर वो दिन भी आया जब उनके चुने नेताओं ने भी उनकी सुननी बंद कर दी। फिर ये हुआ कि किसी ने फेसबुक पर दिल के अरमान निकाले औरकिसी ने व्हाट्सऐप पर। कोई खुलकर ही मैदान में आया और किसी ने दिल की बात दिल में रख ली। लहर वाले शहर में कहानी अब यहां तक आ पहुंची है कि अब ये देवतुल्य किसी भी जन के प्रतिनिधि को कोई काम ही नहीं बताते हैं। इसके पीछे की रोचक वजह भी पुराने देवतुल्य ने बताई। उन्होंने बताया कि टॉप टू बॉटम कहीं भी चले जाओ। वहां मेले ही नए चेलों के लगे हुए हैं। पहले उनका कॉलम भरो कि किस काम से आये हो। उसके बाद आगे का सीन बनता है। इस कड़ी में उन्होंने एक-एक करके सारे नाम गिना दिये। कमाल ये है कि इन नामों में कोई भी मूल नहीं है।

## इंटर के छात्र को पीटने के मामले में जिला पंचायत सदस्य सहित 15 के खिलाफ मामला दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुरानी रंजिश के चलते इंटर के एक छात्र को बेरहमी से पीटने के मामले में जिला पंचायत सदस्य सहित 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल छात्र का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसका पेपर भी छूट गया। रिहान के सिर में कई टांके आए हैं। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, सिद्धार्थ उर्फ गौतम, अनिल निवासी अज्ञात व 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## अनियंत्रित कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो युवती घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भाजपा स्टिकर लगी कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिस कारण स्कूटी सवार दो युवतियां घायल हो गई। दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। अभी तक यह साफ नहीं हुआ कि कार किसी की है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना नहीं है। यदि कोई तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## दस वर्षीय बच्ची का पीछा करने का आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दस वर्षीय बच्ची का एक युवक पीछा कर रहा है। बच्ची ने एक घर में घुसकर अपनी जान बचाई। पीछा करने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। बच्ची डरी वह सहमी हुई है। पीछा करने वाला आरोपी कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## दवा लेने आए युवक को पीटकर घायल किया



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पिता के साथ दवा लेने आए युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हापुड़ निवासी राजेंद्र कुमार अपने बेटे विपिन के साथ मोदीनगर स्थित ईएसआई अस्पताल में दवाई लेने के लिए आए थे। उनका पुत्र विपिन कुमार लाइन में खड़ा होकर पर्ची बनवा रहा था। इसी बीच वहां पर उसकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि विपिन की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 4400 मीटर लंबी पाइपलाइन को मिली मंजूरी, दूर होगी दशकों पुरानी पानी की किल्लत:राधेश्याम त्यागी







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड संख्या 57 स्थित मकनपुर गांव के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे इस क्षेत्र के लिए नगर निगम ने 4400 मीटर लंबी नई पानी की पाइपलाइन स्वीकृत कर दी है। नगर निगम की आस्थापन निधि से होने वाले इस कार्य के बाद अब गांव के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंच सकेगा।

क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मकनपुर गांव के लिए पानी की कमी एक अभिशाप बन चुकी थी। ग्रामीण दशकों से इस समस्या के समाधान की राह देख रहे थे। उन्होंने बताया, ₹अब 'घर-घर नल, घर-घर जल' का सपना साकार होने जा रहा है। हमने लंबी लड़ाई के बाद इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिलवाई है।



**जीएम कामाख्या प्रसाद** ने बताया कि गांव की बढ़ती आबादी और पुरानी पाइपलाइन की जर्जर हालत को देखते हुए आस्थापन निधि से इस नई लाइन का प्रस्ताव पास किया गया है।

**मुख्य लाइन:** 6 इंच चौड़ी पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

**आंतरिक लाइन:** गलियों के भीतर 4 इंच की पाइपलाइन होगी।

**पहुंच:** गांव की हर छोटी-बड़ी गली को इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

**लाखों लोगों को होगा सीधा लाभ:** पार्षद राधेश्याम त्यागी के अनुसार, इस योजना से क्षेत्र के लाखों लोगों को सीधा फायदा होगा। वर्तमान में पानी की किल्लत के कारण लोगों को निजी टैंकरों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब व्यवस्थित पाइपलाइन सिस्टम से गांव के हर कोने में पर्याप्त दबाव के साथ पानी की सप्लाई सुनिश्चित होगी। पाइपलाइन डालने का कार्य जल्द ही धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वार्ड में 30 एचपी के 3 पंप भी लगाए जा रहे हैं जिससे गंगाजल आपूर्ति बाधित होने के बाद पंपों से गांव की जलापूर्ति हो सकेगी।

## बाल उत्सव में गाजियाबाद की बेटियों का जलवा

### दानिया का राज्य स्तर के लिए चयन, जिले का मान बढ़ाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरठ में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 'बाल उत्सव' में गाजियाबाद की परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने अपने बौद्धिक कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में लोनी ब्लॉक के गढ़ी कटेया विद्यालय की छात्रा दानिया ने बाजी मारते हुए राज्य स्तर के लिए अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। 24 फरवरी 2026 को मेरठ स्थित ओक ट्री रिजॉर्ट में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मंडल के सभी जिलों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक जनपद से चयनित 10-10 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने निम्नलिखित गंभीर और समसामयिक विषयों पर चर्चा, क्विज और स्टॉल प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी समझ प्रस्तुत की: जेंडर स्टीरियोटाइप और हानिकारक बॉडी टॉक। पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार और आत्मरक्षा। मीडिया का आदर्श रूप और पर्यावरणीय मुद्दे।

गाजियाबाद टीम का नेतृत्व जिला समन्वयक कुणाल मुद्गल एवं जिला नोडल पूनम शर्मा ने किया। छात्रा दानिया की इस विशेष उपलब्धि में उनकी अध्यापिका रूबी शर्मा के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तैयारी के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पूनम शर्मा, रेनू चौहान, लता शर्मा, रेनू चौधरी, अंजू सैनी और अनुराधा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में रूबी शर्मा, रीनू चौधरी और रेखा राज भी उपस्थित रहीं और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। दानिया के राज्य स्तर पर चयनित होने से न केवल गढ़ी कटेया विद्यालय, बल्कि पूरे लोनी क्षेत्र और गाजियाबाद जिले में हर्ष की लहर है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने इस उपलब्धि को बालिका शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

## उपलब्धि




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फुट प्रिंट स्कूल की छात्रा कशिका डागर ने स्पोर्टस दिवस पर सभी खेलों में हिस्सा लिया और प्रथम स्थान हासिल करके विजेता वाला मैडल प्राप्त किया। कशिका डागर के इस मैडल की सफलता पर उनके दादा जयपाल सिंह ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विजेता कशिका डागर को मैडल और प्रमाण पत्र भी स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रदान किया गया।




## तीन एसीपी संभालेंगे प्रहार की कमान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऑपरेशन प्रहार को लेकर बड़े-बड़े अभियान और योजनाएं बनाई जा रही हैं। तो अब जानकारी मिली है कि तीनों जोन में इस अभियान को बहुत ही ताकतवर ढंग से चलाने और इनके आरोपियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट के ऑपरेशन प्रहार का जल्द ही बड़ा प्रहार होने वाला है। सुनने में आया है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों ही जोन में एसीपी स्तर के अधिकारियों को जोनवार नोडल भी बनाया गया है। कहा जा रहा है कि अब तीनों एसीपी इस पूरे अभियान पर न सिर्फ नजर रखेंगे बल्कि महत्वपूर्ण ढंग से कार्रवाई करने के साथ ही आरोपियों को भी दबोचने के लिए प्लान बनाएंगे। इन सबके बीच पुलिस के करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी वाले जोन में जहां एक मैडम को कमान दी गई है। तो नदिया पार वाले जोन में सबसे भरोसेमंद कहे जाने वाले एसीपी पर ही जोन वाले साहब ने भरोसा जताया है। इन सबके बीच जानकारी यह भी बाहर निकल कर मिली है कि जिन एसीपी साहब ने ऑपरेशन प्रहार की देहात वाले जोन की प्रेजेंटेशन में सबसे बेस्ट प्रेजेंटेशन दी थी, उनको ही देहात वाले जोन का प्रभारी बना दिया गया है। अब बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन प्रहार पर अब सीधे साहब के बाद नंबर दो की पोजीशन वाले साहब भी निगरानी रखेंगे। वैसे जिस तरह से मंगलवार को लाइन में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने ऑपरेशन प्रहार और यातायात को लेकर जिस तरीके से प्लान और जानकारी दी है तो कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में दोनों ही विषय पर भरपूर काम और आरोपियों को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उधर लाइन वाले हॉल का माहौल कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बहुत दिनों बाद कूल और अनुकूल नजर आया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जिस तरह से नंबर दो वाले साहब ने एक्टिव मोड अपनाया है उसकी चर्चा हो रही है। इन सबके बीच जानकारी यह भी है कि इन तीनों ने ही बीते दिनों साहब के सामने ऑपरेशन प्रहार को लेकर महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन भी दी थी, जिसमें दो एसीपी टॉप पर और एक थोड़ा डाउन पर रहे। कुल मिलाकर बताया जा रहा है की होली वाले त्योहार से पहले ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन प्रहार का बड़ा प्रहार देखने को मिल सकता है। इसमें लाल पदार्थ को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने मजबूत तैयारी कर ली बताई जा रही है।



## युवा भाई संगठन ने पेश की मानवता की मिसाल धूमधाम से कराया गरीब कन्या का विवाह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज में सेवा और एकजुटता का परिचय देते हुए 'युवा भाई संगठन' ने एक बार फिर मानवता का मान बढ़ाया है। संगठन के तत्वावधान में रविवार, 22 फरवरी को एक जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। इस पुनीत कार्य में संगठन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विवाह को भव्य बनाने और परिवार की आर्थिक सहायता करने में संजीव कुमार, रवि कुमार, आशु राणा, राजेन्द्र गुप्ता, धीरज गुप्ता, राम बाबू साह, महेश साह, सुमित पाल, सनी, सुशील, जगबीर, विनीत, कृष्णा एवं अजय जी का विशेष सहयोग रहा। इन सभी के सामूहिक प्रयासों और समर्पण के कारण ही विवाह समारोह अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ।

विवाह के दौरान उपस्थित लोगों ने युवा भाई संगठन के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ऐसे निस्वार्थ प्रयास समाज में एकता और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हैं। संगठन के सदस्यों ने साबित कर दिया कि यदि युवा शक्ति एकजुट हो जाए, तो किसी भी जरूरतमंद के जीवन में खुशियों का दीप प्रज्वलित किया जा सकता है। जरूरतमंद परिवार ने संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग ने न केवल उनकी बेटी का घर बसाया, बल्कि उन्हें समाज में एक संबल भी प्रदान किया है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने इस सराहनीय कार्य को प्रेरणादायक बताया है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष और सहकारिता प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक वीरेन्द्र सारस्वत ने डिप्टी मेयर प्रवीन चौधरी और उनकी पत्नी पूर्व पार्षद पारस चौधरी को मैरिज एनिवर्सरी की बधाई और शुभकामनायें देते हुए उनके सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ राजनगर आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी भी रहे। खुशी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# बांग्लादेश में पुलिस के ड्रग विरोधी अभियान के दौरान भड़की हिंसा, पत्रकार और कई छात्र घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में नई सरकार का गठन हो चुका है और वह सत्ता भी संभाल चुकी है, लेकिन अभी भी बांग्लादेश में हिंसा नहीं थम रही है। राजधानी ढाका में पुलिस के एक अभियान के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें छात्र, पत्रकार और पुलिकर्मी घायल हुए हैं।

बांग्लादेश में पुलिस के ड्रग विरोधी अभियान के तहत हिंसा भड़क गई। इस हिंसा में पत्रकार और कई छात्र घायल हो गए हैं। हिंसा के दौरान पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दरअसल राजधानी ढाका स्थित सुहरावर्दी उद्यान में पुलिस ड्रग विरोधी अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई। ढाका के रमना जोन के डिप्टी कमिश्नर मसूद के मुताबिक, सोमवार शाम को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस



(डीएमपी) के रमना जोन ने यह ऑपरेशन शुरू किया था, जिसमें सात से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया और करीब 60 से 70 पुलिसवालों को तैनात किया गया।

मसूद ने कहा कि पुलिसकर्मियों को यूनिवर्सिटी छात्रों का एक समूह मिला जो कथित तौर पर गांजा पी रहे थे। उन्होंने कहा कि उनमें से एक ने खुद को ढाका यूनिवर्सिटी का छात्र बताया, जिसके बाद दोनों में बहस हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि इस दौरान एक कांस्टेबल की आंख के ऊपर एक नुकीली चीज से हमला किया गया, जिससे गहरा घाव हो गया।पत्रकारों से जुड़े आरोपों पर बात करते हुए, मसूद ने कहा कि अधिकारियों को पता नहीं था कि उनमें से कोई व्यक्ति पत्रकार है। पत्रकारों ने इन दावों को गलत बताया और कहा कि हमला जानबूझकर किया गया था।

## घायलों में पत्रकार, छात्र और पुलिसकर्मी शामिल

बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और अभियान का मकसद बस उन्हें डराने का था। हिंसा में घायलों की पहचान स्थानीय पत्रकार कवसर अहमद रिपन, तोफायेल अहमद, ढाका यूनिवर्सिटी के छात्र नईम उद्दीन और एक पुलिस कांस्टेबल के तौर पर हुई है।

## पुलिस का आरोप- ये लोग नशा कर रहे थे

बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने ड्रग विरोधी अभियान को एक सामान्य कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा, 'यह ड्रग्स के खिलाफ है। रात के 8 या 9 बजे तक, आस-पास कोई नहीं होता—ये लोग घने अंधेरे जंगल में बैठे होते हैं। इस तरह का ऑपरेशन आमतौर पर चलता है; आज का ऑपरेशन बस थोड़ा बड़ा था।'

# अमेरिका में बफीर्ले तूफान का कहर, 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में भीषण बफीर्ले तूफान ने जनजीवन ठप कर दिया है। 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और लाखों लोग घरों में कैद हैं। न्यूयॉर्क, बोस्टन और फिलाडेल्फिया जैसे शहरों में आपातकाल घोषित है। बिजली कटौती और भारी बर्फबारी के बीच प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है।



अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बफीर्ले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है, जिसे 'बम चक्रवात' कहा जा रहा है। 'बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। यह मुख्य रूप से शरद ऋतु और सर्दियों में होता है जब आर्कटिक की बफीर्ली हवा दक्षिण तक पहुंचकर गर्म तापमान से टकराती है।' कई इलाकों में दो फीट (60 सेंटीमीटर) से ज्यादा बर्फबारी हुई है।

रोड आइलैंड के वारविक में तो तीन फीट से ज्यादा बर्फ गिरी है। तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स समेत कई राज्यों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

# ईरान में एक हफ्ते के भीतर दूसरा सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**तेहरान।** मध्य ईरान में मंगलवार को एक ईरानी सैन्य हेलीकॉप्टर फल और सब्जी बाजार में गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, मृतकों में पायलट और सह-पायलट शामिल हैं, जबकि दो अन्य लोग बाजार में मौजूद आम नागरिक थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर तेहरान से करीब 330 किलोमीटर दक्षिण में स्थित दोरचेह कस्बे में गिरा। सेना का यह हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था।

**दुर्घटनास्थल कहां स्थित है**

दोरचेह इस्फहान प्रांत में स्थित है, जहां ईरान का एक प्रमुख वायुसेना अड्डा है। इसी प्रांत में एक परमाणु केंद्र भी है, जिस पर जून में ईरान-इस्राइल युद्ध के दौरान अमेरिका ने हमला किया था। इससे पहले गुरुवार देर भी इसी तरह का हादसा हुआ था, जब प्रशिक्षण के दौरान हमेदान शहर के पास एक



एफ-4 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

**ईरान में क्यों होते हैं इतने हेलीकॉप्टर और विमान हादसे**

सरकारी मीडिया के मुताबिक, उस हादसे में एक पायलट की मौत हो गई थी, ,जबकि दूसरा पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा था। ईरान में पहले भी कई हवाई हादसे हो चुके हैं। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण ईरान को विमान के पुर्जे नहीं मिल पाते, जिससे उसे पुराने हेलीकॉप्टर और विमानों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिनका इस्तेमाल सरकारी और व्यावसायिक उड़ानों में किया जाता है।

# संघर्ष की चौथी बरसी पर कीव पहुंचे यूरोपीयन नेता, हमने अपनी आजादी की रक्षा की:जेलेंस्की

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष अब अपने पांचवे साल में प्रवेश कर रहा है। इसके बाद भी इस संघर्ष के खत्म होने की संभावनाएं कम दिख रही है। इसका बड़ा कारण शांति समझौते पर दोनों देशों का अलग-अलग और सख्त रुख है। इसी बीच इस संघर्ष की चौथी बरसी पर यूरोपीय नेता कीव के दौरे पर पहुंचे। आइए जानते हैं इस दौरान जेलेंस्की ने क्या कहा?

रूस और यूक्रेन के बीच जारी भयावह संघर्ष की चौथी बरसी पर मंगलवार को यूरोप के एक दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उनका यह दौरा यूक्रेन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए था। यह युद्ध चार साल पहले शुरू हुआ था और अब तक इसमें दसियों हजार लोगों की जान जा चुकी है। इस संघर्ष ने पूरे यूरोप को चिंता में डाल रखा है कि रूस की मंशा आखिर कितनी बड़ी है। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना का डटकर सामना कर रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में रूस ने यूक्रेन के केवल 0.79 प्रतिशत इलाके पर ही कब्जा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि हमने अपनी आजादी की रक्षा की है, हमने अपना देश नहीं खोया है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने मकसद में सफल नहीं हुए हैं और न ही वे यूक्रेनियों का हौसला तोड़ पाए हैं।

## पांचवे साल में प्रवेश कर रहा संघर्ष

हालांकि युद्ध अब पांचवें साल में प्रवेश कर रहा है और हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। अमेरिका की पहल



पर शांति वार्ता की कोशिशें चल रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समझौता नहीं हो सका है। सबसे बड़ी अड़चन पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र को लेकर है। यह इलाका उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है और इसका बड़ा हिस्सा अभी रूसी कब्जे में है। यूक्रेन चाहता है कि युद्ध के बाद उसकी सुरक्षा की पक्की गारंटी हो, ताकि भविष्य में रूस फिर हमला न कर सके।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पक्षों के मारे गए, घायल या लापता सैनिकों की संख्या वसंत तक 20 लाख तक पहुंच सकती है। यह संख्या दूसरे विश्व युद्ध के बाद किसी बड़े देश के लिए सबसे ज्यादा हो सकती है। इस अनुमान को सामरिक और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन केंद्र ने जारी किया है।

## यूरोपीय नेताओं को किस बात का डर

इस संघर्ष को लेकर यूरोपीय नेताओं को डर है कि अगर रूस को नहीं रोका गया तो उसका असर पूरे महाद्वीप की सुरक्षा पर पड़ेगा। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि पिछले चार साल यूक्रेन और पूरे यूरोप के लिए एक बुरे सपने जैसे रहे हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध फिर से यूरोप में लौट आया है और इसे खत्म करने के लिए हमें एकजुट और मजबूत रहना होगा। कीव पहुंचे नेताओं में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब भी शामिल थे। इसके अलावा सात देशों के प्रधानमंत्री और तीन विदेश मंत्री भी वहां पहुंचे। यूक्रेन अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए विदेशी मदद पर काफी हद तक निर्भर है। नाटो देशों ने उसे सैन्य सहायता दी है। रूस को उत्तर कोरिया, ईरान और चीन जैसे देशों से मदद मिलने की भी बात कही जा रही है। इस युद्ध का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ा है।

## यूक्रेन के पुनर्निर्माण और लगात

गौरतलब है कि यूक्रेन के पुनर्निर्माण की लागत बहुत भारी बताई जा रही है। विश्व बैंक, यूरोपीय आयोग और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार अगले दस साल में यूक्रेन को फिर से खड़ा करने के लिए करीब 588 अरब डॉलर की जरूरत होगी। यह रकम यूक्रेन की पिछले साल की कुल अर्थव्यवस्था से लगभग तीन गुना ज्यादा है। कुल मिलाकर, चार साल बाद भी यह युद्ध खत्म होने के कोई साफ संकेत नहीं दिख रहे हैं। यूरोप और दुनिया की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या कूटनीतिक कोशिशें इस लंबे और विनाशकारी संघर्ष को खत्म कर पाएंगी।

# आंखों के इलाज के बाद फिर अदियाला जेल लौटे इमरान खान

## परिवार ने प्रक्रिया पर फिर उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आंखों को लेकर सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। मंगलवार सुबह आंखों के अस्पताल में हुए फॉलो-अप इलाज को लेकर उनकी पार्टी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार सुबह आंखों के इलाज के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लाया गया। इलाज पूरा होने के बाद उन्हें वापस अदियाला जेल भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया नियमित चिकित्सा प्रोटोकॉल के तहत की गई।

डॉक्टरों ने बताया कि खान को पिछले महीने राइट सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन नामक आंखों की बीमारी का पता चला था, जिससे उनकी दृष्टि प्रभावित हो रही है। इसी के उपचार के तहत उन्हें दूसरी डोज दी गई। पहली डोज 24 जनवरी को दी गई थी।

प्रक्रिया से पहले विशेषज्ञों की टीम ने उनकी जांच की, जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा ईसीजी और इकोकार्डियोग्राफी भी शामिल थे, रिपोर्ट सामान्य पाई गई। इसके बाद ऑपरेशन थिएटर में सभी मानक सुरक्षा उपायों के साथ वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ और विट्रियो-रेटिनल सर्जन की निगरानी में इंजेक्शन दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार यह डे-केयर प्रक्रिया थी और पूरे समय उनकी हालत स्थिर रही।

**सरकार का दावा-नियमों के अनुसार मिला इलाजः** संसदीय मामलों के मंत्री तारिक फजल चौधरी ने कहा कि सरकार ने सभी कानूनी और मानवीय दायित्व निभाते हुए खान को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि पहले इंजेक्शन के बाद उनकी आंखों की रोशनी में सुधार देखा गया था, इसलिए डॉक्टरों ने दूसरी



डोज की सलाह दी। तीसरा इंजेक्शन 24 मार्च को दिया जाएगा।

**परिवार और पार्टी की आपत्ति**

दूसरी ओर, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और परिवार ने इलाज में पारदर्शिता की मांग की है। उनकी बहन अलीमा खानम ने कहा कि उन्हें सरकारी अस्पताल की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं है और किसी भी मेडिकल प्रक्रिया से पहले परिवार को सूचित किया जाना चाहिए। पार्टी ने उन्हें निजी अस्पताल शिफा इंटरनेशनल में इलाज कराने की मांग दोहराई।

**पार्टी ने जताई आपत्ति**

मंगलवार सुबह आंखों के अस्पताल में हुए फॉलो-अप इलाज को लेकर उनकी पार्टी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। जाने माने मीडिया हाउस डॉन के अनुसार, पीटीआई ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सरकार की ओर से बरती गोपनीयता पर आपत्ति जताई। पाकिस्तान के संसदीय कार्यमंत्री तारिक फजल चौधरी ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह ₹साफ करना जरूरी है कि सरकार उन्हें (इमरान को) सभी कानूनी और मानवीय जरूरतों को पूरा करते हुए कड़े सुरक्षा इंतजामों में पिम्स ले गई। उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई संस्थापक को तीसरा इंजेक्शन 24 मार्च को लगाया जाएगा। अब मंत्री के इसी बयान पर पीटीआई ने ऐतराज और हैरानी जताई है। पीटीआई के आधिकारिक एक्स अकाउंट से कहा गया कि ऐसे हालात में पारदर्शिता की आवश्यकता है, सीक्रेसी (रहस्य बनाने) की नहीं। पार्टी ने कहा कि इस तरह के छुपा कर किए गए काम से और सवाल ही उठते हैं। पार्टी ने पूछा, वे क्या छिपा रहे हैं? और अपनी मांग दोहराई कि इमरान को स्वतंत्र और पारदर्शी मेडिकल केयर के लिए शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल ले जाया जाए।

# विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने जयशंकर का जताया आभार, मुक्त हिंद प्रशांत पर दिया जोर

**टोक्यो।** जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने दोबारा नियुक्ति पर बधाई देने के लिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार जताया है। दोनों नेताओं ने 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' और द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर को इस पद पर उनकी दोबारा नियुक्ति पर बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। मोटेगी ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने और फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक (एफओआईपी) को साकार करने की उम्मीद कर रहे हैं।



**सोशल मीडिया पर साझा किया संदेश**

जापान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मोटेगी का बयान साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'मैं अपनी दोबारा नियुक्ति पर आपके बधाई संदेश की सराहना करता हूं। मैं द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और एक फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक को साकार करने के लिए आपके साथ लगातार काम करने की उम्मीद करता हूं।'

यह बयान विदेश मंत्री जयशंकर के उस संदेश के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने मोटेगी को बधाई दी थी। जयशंकर ने लिखा था कि 'जापान के विदेश मंत्री के तौर पर तोशिमित्सु मोटेगी को दोबारा नियुक्त होने पर बधाई। हमारी स्पेशल स्ट्रेटेजिक और ग्लोबल पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करने का इंतजार रहेगा।'

**पीएम मोदी ने सनाए ताकाइची को दी थी बधाई**

इससे पहले आठ फरवरी को जापान में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनाव हुए थे। इसमें जीत हासिल करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनाए ताकाइची को बधाई दी थी। पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि ताकाइची के नेतृत्व में भारत और जापान की दोस्ती नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए अहम है। इसके जवाब में सनाए ताकाइची ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया।

# भारत आ रहे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नीः पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात, इन मुद्दों पर होगी अहम चर्चा

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस हफ्ते भारत का दौरा करेंगे। अपने दौरे की शुरूआत में कार्नी गुरुवार को मुंबई पहुंचेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बड़े उद्योगपतियों के साथ बातचीत करेंगे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस हफ्ते भारत आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका के साथ कनाडा के व्यापारिक संबंधों में तनाव बना हुआ है। प्रधानमंत्री कार्नी गुरुवार को मुंबई पहुंचेंगे। यहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनों देशों के रिश्तों में खटास चल रही है।

## अमेरिका पर निर्भरता कम करने का लक्ष्य

भारत दौरे से पहले मार्क कार्नी ने कहा, ₹एक अनिश्चित दुनिया में कनाडा



उन चीजों पर ध्यान दे रहा है जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं। हम अपने व्यापार को अलग-अलग देशों में फैला रहे हैं और बड़े पैमाने पर नया निवेश आकर्षित कर रहे हैं।₹ उनका लक्ष्य अगले दशक में अमेरिका के अलावा दूसरे देशों के साथ कनाडा के निर्यात को दोगुना करना है।

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार कनाडा की अर्थव्यवस्था पर टैरिफ लगाने की धमकी देते रहे हैं। हाल ही में ट्रंप ने कनाडा से आयात होने वाले सामान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

## भारत-कनाडा के तनावपूर्ण संबंध

पिछले साल भारत और कनाडा ने दो साल के तनावपूर्ण संबंधों के बाद एक व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई थी। साल 2024 में भारत, कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। दोनों देशों के रिश्तों में तनाव तब आया जब कनाडाई पुलिस ने जून 2023 में वैंकूवर के पास एक सिख कार्यकर्ता की हत्या में नई दिल्ली की भूमिका का आरोप लगाया था।

कनाडा अकेला देश नहीं है जिसने भारतीय अधिकारियों पर विदेशी धरती पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। साल 2023 में अमेरिकी अभियोजकों ने भी कहा था कि एक भारतीय सरकारी अधिकारी ने न्यू यॉर्क में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की नाकाम साजिश का निर्देश दिया था।

## आस्ट्रेलिया और जापान का भी करेंगे दौरा

भारत के बाद कार्नी आस्ट्रेलिया के कैनबरा भी जाएंगे। वहां वह आस्ट्रेलिया की संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वह 20 साल में पहले कनाडाई प्रधानमंत्री होंगे। वह आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से रक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इसके बाद कार्नी टोक्यो के लिए रवाना होंगे। जापान में वह प्रधानमंत्री ताकाइची सनाई से मिलेंगे। इस बैठक में स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर बातचीत होगी।

# चुनाव आयोग ने मतदान के बाद 24 घंटे में नतीजे घोषित करने का किया वादा, 5 मार्च को होनी है वोटिंग

**काठमांडू।** नेपाल में 5 मार्च को आम चुनाव होने वाले हैं। इस बीच नेपाल के कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि आम चुनाव के परिणाम मतपेटियों को एकत्र करने के 24 घंटे के भीतर प्रकाशित कर दिए जाएंगे। कुल 18.9 मिलियन पात्र मतदाता प्रतिनिधि सभा के 275



सदस्यों को चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जहां 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा। वहीं 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों और छोटे दलों के प्रतिनिधित्व की अनुमति देता है।

आनुपातिक प्रतिनिधित्व (पीआर) प्रणाली के तहत देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल वोटों के आधार पर प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव किया जाता है। मतदाता प्रत्येक दल के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं। प्रत्येक दल को प्राप्त वोटों के अनुपात में सीटें आवंटित की जाती हैं। दलों को अपने पीआर उम्मीदवारों की सूची में महिलाओं और दलितों, जनजातियों, मधेसियों और अल्पसंख्यकों जैसे हाशिए पर पड़े समूहों को शामिल करना सुनिश्चित करना होता है। इस प्रणाली का उद्देश्य संसद को नेपाल की सामाजिक और जातीय विविधता का अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।

## तुरंत वोटों की गिनती शुरू करने की योजना

भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि चुनाव आयोग मतपेटियों को एकत्र करने के तुरंत बाद वोटों की गिनती शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं, जबकि प्रत्यक्ष मतदान या फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट (एफपीटीपी) प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे।

## 72 घंटे पहले नेपाल-भारत सीमा को सील

चुनाव आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई ने कहा कि काठमांडू घाटी के बाहर के क्षेत्रों में मतपत्रों का वितरण पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि काठमांडू, भक्तपुर और ललितपुर जिलों के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मतपत्रों का वितरण मंगलवार रात तक पूरा हो जाएगा। 5 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को 16 फरवरी से 2 मार्च तक प्रचार करने की अनुमति दी है। प्रचार गतिविधियों पर रोक का समय 2 मार्च की मध्यरात्रि से शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि मतदान शुरू होने से 72 घंटे पहले नेपाल-भारत सीमा को सील कर दिया जाएगा।




# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में साइबर जागरूकता अभियान के हीरो सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साइबर अपराध के खिलाफ छेड़े गए व्यापक जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। 16 और 17 फरवरी को पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के निर्देश पर 1930 साइबर हेल्पलाइन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया था।

इस दो दिवसीय अभियान के दौरान कमिश्नरेट क्षेत्र में 1,38,934 लोगों को साइबर क्राइम से बचाव और हेल्पलाइन 1930 के बारे में जागरूक किया गया। अभियान की मॉनिटरिंग और प्रभावी क्रियान्वयन में एडिशनल सीपी केशव चौधरी और एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह की अहम भूमिका रही। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एडिशनल सीपी ने दिए पत्र





### थाना स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

**करंट क्राइम :** प्रथम स्थान पर लोनी के मुकेश सोलंकी, द्वितीय स्थान पर मसूरी से अजय चौधरी और तृतीय स्थान पर अंकुर विहार से योगेंद्र रहे। तो जोनवार प्रदर्शन में ग्रामीण जोन से प्रथम लोनी (मुकेश सोलंकी), द्वितीय मसूरी (अजय चौधरी) रहे। वहीं ट्रांस-हिंडन जोन प्रथम कौशांबी (अजय कुमार शर्मा), द्वितीय टीलामोड़ (रवि बालियान) और सिटी जोन प्रथम कोतवाली (सचिन कुमार) द्वितीय विजयनगर (धर्मपाल) रहे।

### उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों का भी रहा शानदार प्रदर्शन

**करंट क्राइम :** सिटी जोन से प्रथम उपनिरीक्षण यश मिश्रा (सिहानी गेट) द्वितीय पावेंद्र (कोतवाली) व तृतीय शीतल चौधरी (विजयनगर) रहीं। ग्रामीण जोन से प्रथम पुनीत लंबा, द्वितीय आरजू और तृतीय ऋषि रहे। ट्रांस-हिंडन जोन प्रथम प्रवीण वशिष्ठ (खोड़ा) द्वितीय बबलू राणा और तृतीय रश्मि (कौशांबी) रहे। उधर साइबर थाना टीम भी सम्मानित हुई।

साइबर थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी, प्रवीण सिंह, विजय तोमर, अनुज कुमार और पुनीत शर्मा को भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने कहा कि 1930 हेल्पलाइन को घर-घर तक पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य था। साइबर अपराध की रोकथाम केवल पुलिस नहीं, बल्कि जागरूक समाज से संभव है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पॉक्सो मामले में दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के मकसद से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन में सफलता मिली है। थाना लोनी में दर्ज पॉक्सो अधिनियम से संबंधित मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल की प्रभावी पैरवी, विवेचक की सटीक जांच और अभियोजन पक्ष की मजबूती के चलते वर्षों से विचाराधीन मामले में न्यायिक निर्णय आया।



थाना लोनी क्षेत्र में अभियुक्त अलीशेर निवासी बड़ी मस्जिद के पास चिरोड़ी (लोनी) के खिलाफ नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में भादंवि की धारा 363/366/376 एवं पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस संबंध में पीड़िता पक्ष द्वारा 24 जनवरी 2020 को थाना लोनी में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) / अपर सत्र न्यायाधीश, गाजियाबाद ने मगंलवार को अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए धारा 4 पॉक्सो एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 363 भादंवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड के साथ ही धारा 366 भादंवि में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इस प्रकरण में थाना लोनी के उ0नि0 सुमित कुमार द्वारा विवेचना की गई जबकि विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) हरिश कुमार ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। कन्विक्शन सेल के पैरोकारों की निरंतर निगरानी भी मामले में निर्णायक साबित हुई।

पुलिस कमिश्नर का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में दोषियों को समयबद्ध सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर उन्हें कानून के अनुसार कठोर दंड दिलाया जाएगा।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा राम और उनके प्रिय लक्ष्मण आजकल अपनी राजनीतिक गतिविधियों से करा रहे हैं कुछ ऐसा एहसास? जैसे जल्द ही लेने वाले हों दोनों राजनीति से सन्यास? बहुत ही कम हो रहे हैं उनके पोलिटिक्ल दीदार? राजनीति से जुड़ी तस्वीरें नहीं आ रही हैं दोनों की बाहर? कहने वाले ने कहा ऐसे तो उनके प्रिय फोटो वाले पंडित जी हो जायेंगे परेशान? जब वो इनकी फोटो अपलोड करते हैं? तब पड़ता है उनके जिगर को आराम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों बाद की दोस्त ने दोस्त की केयर? ये चर्चा तब उठी जब भगवा पहलवान ने की अपने प्रिय कमांडर की पोस्ट शेयर? इस पोस्ट में दिख रहा था विकास का पैगाम? इसलिए इसको शेयर करने से नहीं चूके पहलवान? ऐसा बहुत दिनों बाद दिया है पहलवान ने अंजाम? नहीं तो जब साथ रहते थे तब एक-एक पोस्ट शेयर करते थे सुबह और शाम? लगता है पड़ गया है फिर से पहलवान के दर्द-ए-दिल को आराम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के इन्दिरा जी वाले एरिया में जब हुआ थाने का उद्घाटन? तब हमारी थी सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे भगवा युवा आशीष चौधरी पर नजर? कहने वाले ने कहा वो भले ही पीछे बैठे थे? मगर संबोधन करने वाले खाकीधारी कर रहे थे उनकी केयर? ले रहे थे बार-बार उन्हीं का नाम? जिसने किया हुआ था प्रथम पंक्ति में बैठे चेहरों को परेशान? फिर किसी दिलजले ने निकाली सुलगती हुई आवाज? कहा जिसका जितना सहयोग? उतना उसको किया गया है याद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे ही हमें लगी गर्ग साहब के थाईलैंड वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल होने की जानकारी? वैसे ही हमारे दिल ने आहें भरनी शुरू कर दी बहुत सारी? गोवा की ट्रिप जैसे उसने पालने शुरू कर दिये अरमान? उनके प्रतिनिधि मंडल में आने से ये हमें उम्मीद जगी है कि वो बनायेंगे अब यहां का भी प्रोग्राम? करेंगे वो यहां के लिए भी डायरेक्ट वाली फ्लाईट बुक? वो एक बार इशारा करें सभी जाने को तैयार हैं? जिन्होंने बिछाई हुई थी गोवा के टूर पर निगरानी? उनका थाईलैंड में रडार बेकार है?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि वार्ड 74 वाले भगवा पार्षद नरेश के दिल को कोई तो है जो लगा रहा है लगातार ठेस? मिस्टर भाटी भी यहां पर नहीं मान रहे हैं हार? वो अटल चौक पर लगाते हैं लगातार होर्डिंग? भले ही इसे कोई देता हो फाड़? सुना है एक बार फिर से किसी ने उनके होर्डिंग को दिया है काट? लगातार इस घटना ने भाटी जी को किया हुआ है नाराज? सवाल ये है कि वो हैं मंत्री जी के खास? फिर भी क्यों नहीं आ रहा ऐसा करने वाला उनके हाथ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे एक कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर हमें सांसद जी के साथ दिखाई दे रहा था आईएएस अधिकारी का वजूद? ये अधिकारी हाथों में लेकर लैटर, पढ़ा रहे थे गर्ग साहब को मैटर? कह रहे थे ये देखिये कितना बड़ा होने जा रहा है काम? इन शब्दों को सुनकर पार्षद जी ने कहा किस्मत हो तो विधायक संजीव शर्मा जैसी? जब से वो विधायक बने हैं? तब से बड़ी बड़ी उपलब्धियां हो रही हैं उनके नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से चली है निगम के सीनियर पार्षद के वार्ड में से 17 करोड़ के कार्यों की डिलीट होने की चर्चा? तब से नदिया पार के कई क्रान्तिकारी पार्षद देख रहे हैं विकास वाला पर्चा? लगा रहे हैं वो अपनी गतिविधियों का हिसाब? दिमाग पर जोर डालकर सोच रहे हैं, हमने तो नहीं कर दिया है गलती से किसी को नाराज? इन मैम्बरों को सता रहा है अपने यहां के कार्यों के डिलीट होने का डर? बार-बार ये अधिकारियों को फोन करके कह रहे हैं? अभी तक तो सब कुछ ठीक है ना सर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार डान्सिंग जैक भगवा झा का मामला रहने वाला है वाह? हमें पता चला है योद्धा देने वाले हैं अपनी मन की बात सुनकर इस चेहरे को वफा? इस चेहरे को टीम में शामिल करने का बना लिया गया है प्रोग्राम? बस इंतजार अब इस बात का है कि इनके हाथ में क्या आयेगा श्रीमान? क्या मंत्री वाले मैटर से ये हो पायेंगे प्रमोट? या फिर कुछ और ही रहेगा इनका किरदार? अगर रह गये पुराने वाले पद पर? तो फिर कई चेहरे बैठे हैं टोंट मारने को तैयार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर का मानते हैं मजबूत किरदार? वो लगातार जनता को जोड़ने के लिए कई बड़े कार्यक्रम करते हैं? इस बार भी वो होली मिलन मनाने जा रहे हैं शानदार? बस बैठे-बैठे आया हमारे दिमाग में ये ख्याल? बाकी विधानसभा के कार्यकर्ता भी अपने विधायकों से ऐसे ही कार्यक्रमों की उम्मीद रखते हैं? क्या उन्होंने भी बनाया है इस तरह का कोई विचार? या फिर परम्परागत तरीके से वो रहेंगे होली वाले दिन वो अपने ऑफिस पर मौजूद? इससे आगे बढ़कर नहीं दिखायेंगे वो कोई भी वजूद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि कर दो पुरानी टीम के दो नामों की ओर भी इशारा? हमको मुश्किल लग रहा है कि रावत जी और तारा जी का चमकेगा योद्धा की टीम में सितारा? हमें लग रहा है कि इस बार इनको करने होंगे योद्धा की टीम में आने के लिए अतिरिक्त प्रयास? हालांकि जब ये भगवा कमांडर की टीम में आये थे? तब भी इनके नाम कहां चर्चा में थे साहब? ऐसे में ये दे सकते हैं इस बार भी सरप्राईज? भले ही एक्टिव नजर ना आते हों? मगर दोनों हैं बहुत ही नाईस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# 10 मार्च को आयोजित होगा भव्य 'सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026'



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाज़ियाबाद द्वारा जिले के सतत विकास और कॉर्पोरेट जगत की सहभागिता को एक नया आयाम देने के लिए आगामी 10 मार्च 2026 को 'गाज़ियाबाद सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। कौशांबी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा।

विकास भवन के दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण पहल की विस्तृत जानकारी साझा की। यह कॉन्क्लेव नई दिल्ली की प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म 'सार्थक कलेक्टिव' के साथ रणनीतिक साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है।

इस कॉन्क्लेव का प्राथमिक उद्देश्य जिले में हो रहे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के निवेश और सस्टेनेबिलिटी पहलों को प्रशासन की प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना है। प्रशासन की मंशा है कि सीएसआर गतिविधियों को अलग-अलग और बिखरी हुई गतिविधियों के बजाय एक समन्वित, डेटा-आधारित और दीर्घकालिक जिला विकास रणनीति के रूप में विकसित किया जाए।

कॉन्क्लेव के दौरान गाज़ियाबाद के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय सुधार के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष चर्चा की जाएगीः औद्योगिक मांग के अनुसार युवाओं का कौशल विकास। सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना और टेलीहेल्थ एकीकरण। भूजल पुनर्भरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ शहरी प्रणाली। पशु कल्याण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन। जिला स्तरीय डीकाबोर्नाइजेशन फ्रेमवर्क की प्रस्तुति, ताकि गाज़ियाबाद को एक 'क्लाइमेट-स्मार्ट' औद्योगिक केंद्र बनाया जा सके।

इस आयोजन को डाबर रेड पेस्ट द्वारा 'पावर्ड' किया जा रहा है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज संस्थान जैसे कॉन्टिनेंटल कार्बन इंडिया (आतिथ्य), समार कूला टेक्नोलॉजीज (एमएसएमई), हमदर्द लेबोरेट्रीज (हेल्थकेयर), श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स (मोबिलिटी) और एचडीएफसी बैंक (बैंकिंग) इस मिशन में सहभागी के रूप में जुड़े हैं।

कार्यक्रम में राज्य स्तरीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख कॉर्पोरेट प्रमुख हिस्सा लेंगे। इस पहल से उम्मीद है कि शासन और उद्योगों के बीच एक स्थायी 'सार्वजनिक-निजी भागीदारी' सुदृढ़ होगी, जिससे गाज़ियाबाद एक आधुनिक और सस्टेनेबल औद्योगिक मॉडल के रूप में उभर सकेगा।

अधिक जानकारी के लिएः हितधारक एवं इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट www.saarthakcollective.com/ghaziabadcsrconclave पर जाकर पंजीकरण व अन्य विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

# मेरठ जोन की तृतीय अंतरजनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का हुआ शानदार आगाज

## खेल, अनुशासन और फिटनेस की मिसाल पेश करेगी प्रतियोगिता




**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** तृतीय अंतरजनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन पुलिस मेरठ जोन के तत्वावधान में कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 24 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित हो रही है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों द्वारा भारोत्तोलन, योग और पावर लिफ्टिंग की रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। आयोजन का उद्देश्य पुलिस बल में शारीरिक दक्षता, मानसिक मजबूती और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में मेरठ जोन के जनपद हापुड़, बुलंदशहर, बागपत, सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर के साथ-साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर एवं कमिश्नरेट गाजियाबाद के खिलाड़ी

### एडिशनल सीपी ने किया शुभारंभ

**करंट क्राइम :** मंगलवार को प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर कानून व्यवस्था एवं यातायात कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल , एडीसीपी लाइन-क्राइम पीयूष कुमार सिंह सहित अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आगामी दिनों में प्रतियोगिता के अन्य भार वर्गों और योग स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को मंच दे रहा है, बल्कि फिट पुलिस - सुरक्षित समाज की सोच को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।



विभिन्न भार वर्गों में अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**पावर लिफ्टिंग में जीते हानवेंद्र**
79 किलोग्राम भार वर्ग
प्रथम स्थान हानवेन्द्र शर्मा (जनपद हापुड़)
द्वितीय स्थान अमित कुमार (जनपद बागपत)
- 88 किलोग्राम भार वर्ग
प्रथम स्थान आकाश शर्मा (जनपद सहारनपुर)
द्वितीय स्थान जयबीर सिंह (जनपद हापुड़)

# महिला अपराध में लापरवाही पर लिया जाएगा एक्शन : केशव चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त संदेश दिया गया। केशव कुमार चौधरी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) द्वारा मंगलवार को मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान महिला संबंधी अपराधों की लंबित विवेचनाओं और प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त, महिला अपराध भी मौजूद रहीं।



बैठक के दौरान एडिशनल सीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महिला अपराधों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का तत्काल परीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाए। प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि पीड़िताओं को न्याय मिलने में देरी न हो। उन्होंने यह भी जोर दिया कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जवाबदेही दोनों अनिवार्य हैं। मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका केवल औपचारिक न होकर प्रभावी और परिणाममुखी होनी चाहिए। बैठक के अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश समय-समय पर दिए जा सकें। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपराधों के त्वरित निस्तारण की दिशा में लगातार सक्रिय नजर आ रही है।

# गाजियाबाद के जनसूचना अधिकारियों की मनमानी की शिकायत राज्य सूचना आयुक्त तक पहुंची, जल्द करेंगे दौरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरटीआई एक्टिविस्ट सचिन सोनी और पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लखनऊ स्थित राज्य सूचना आयोग के कार्यालय में राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद के विभिन्न सरकारी विभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम के उल्लंघन और जन सूचना अधिकारियों के टालमटोल वाले रवैये की विस्तार से शिकायत की।



मुलाकात के दौरान सूचना आयुक्त को अवगत कराया गया कि गाजियाबाद के नगर निगम, जीडीए और तहसील जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी सूचना उपलब्ध कराने के बजाय ऐसे कानूनी दांव-पेंच और बहाने खोजते हैं जिससे आवेदक थक-हार कर बैठ जाए।

नगर निगम से जब संपत्तियों के स्वामित्व की जानकारी मांगी गई, तो जवाब मिला कि 'पत्रावली रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है।' जिला विकास अधिकारी कार्यालय ने सूचना देने के बदले आवेदक से आधार कार्ड, वोटर कार्ड और शपथ पत्र के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के पुराने आदेशों का गलत हवाला देकर सूचना देने से इनकार किया जा रहा है। ग्राम करहेड़ा के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत पर नगर निगम, जीडीए और सिंचाई विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते नजर आए।

सचिन सोनी ने बताया कि विभागों में प्रथम अपील महीनों और वर्षों तक लंबित रहती है। अपीलीय अधिकारी सुनवाई की तारीखें तो तय करते हैं, लेकिन निस्तारण न होने के कारण आवेदक द्वितीय अपील करने की स्थिति में नहीं रह पाता। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि आयोग की मंशा विभागों में पारदर्शिता लाने की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सूचना समय पर या सही न मिले, तो आवेदक तुरंत द्वितीय अपील करें। अब आयोग में ऑनलाइन सुनवाई के माध्यम से मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सूचना आयुक्त ने गाजियाबाद आकर आरटीआई स्वयंसेवियों के साथ एक गोष्ठी (बैठक) करने का निमंत्रण भी सहर्ष स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही कार्यक्रम बनाकर गाजियाबाद आएंगे ताकि स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

# मोदीनगर में रिश्तों की हत्याः मकान की भूख में बेटे ने मां-बाप पर किया जानलेवा हमला, बेटा हिरासत में

## पुलिस कर रही है पूरे विवाद की जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर इलाके से सामने आई यह घटना सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि पिता-पुत्र के रिश्ते के टूटने और घरेलू हिंसा के खतरनाक अंजाम की साफ तस्वीर है। मकान पर कब्जे की नीयत ने बेटे को इस कदर अंधा कर दिया कि उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर जन्म देने वाले मां-बाप पर ही दराती से हमला कर दिया। 70 वर्षीय रमाशंकर और उनकी 65 वर्षीय पत्नी सुशीला पर बेटे मनोज और बहू किरण ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए। हमले में दोनों बुजुर्ग लहूलुहान हो गए। सुशीला की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज मेरठ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जबकि पिता रमाशंकर के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।





### घर बना रणक्षेत्र, संपत्ति बनी वजह

**करंट क्राइम :** पुलिस जांच में सामने आया है कि विवाद की जड़ पारिवारिक कलह और मकान पर कब्जा थी। आरोपी बेटा और बहू बुजुर्ग माता-पिता पर घर छोड़ने का दबाव बना रहे थे। बेटे के वैवाहिक जीवन से जुड़ा तनाव—पहली और दूसरी शादी के बावजूद संतान न होना—घर के माहौल को लंबे समय से विषाक्त कर रहा था। यही तनाव धीरे-धीरे हिंसा में बदला और अंततः खूनी हमले तक पहुंच गया। हमले के बाद आरोपियों ने वारदात को छिपाने और सबूत मिटाने के इरादे से घर में आग लगाने की कोशिश भी की। यह साफ करता है कि घटना अचानक नहीं, बल्कि अपराध की पूरी तैयारी के साथ अंजाम दी गई।

### बेटे ने किया हैरान करने वाला काम

**करंट क्राइम :** पीड़ित रमाशंकर का आरोप है कि उन्होंने घटना वाले दिन सुबह ही पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले भी करीब एक महीने पहले मारपीट की शिकायत दी गई थी। समय रहते सख्त कार्रवाई न होने का नतीजा यह रहा कि मामला सीधे हत्या की कोशिश तक पहुंच गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे मनोज को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोदीनगर की यह वारदात बताती है कि जब संपत्ति रिश्तों से बड़ी हो जाए और घरेलू हिंसा की शुरूआती चेतावनियों को नजरअंदाज किया जाए, तो अंजाम खूनखराबे के रूप में सामने आता है। यह घटना प्रशासन, समाज और सिस्टम—तीनों के लिए एक कड़ा सबक है कि बुजुर्गों की सुरक्षा और शिकायतों को हल्के में लेना अब भारी पड़ सकता है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।